सांध्य दैनिक

# गुड इवनिंग

नगर संस्करण

इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, गुरुवार, 13 मार्च 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 08 ■ अंक : 348

www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com





## कल अवकाश

**'गुड इवनिंग' परिवार के पाठकों को होली की शुभकामनाएं**

कल 'गुड इवनिंग' कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक शनिवार (15 मार्च) को प्रकाशित होगा।



### होली पर उत्तर पश्चिम मैदानी इलाकों में आसमानी बौछारें करेंगी तरबतर

# पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार, कई जगह लू की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में धुलेंडी के दिन कल लोगों को रंग और गुलाल ही तरबतर नहीं करेंगे, बल्कि आसमान से बरसने वाली बौछारें भी भिगोएंगी। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की चोटियों पर बारिश के साथ भारी हिमपात होने की संभावना है। वहीं, गुजरात से लेकर पश्चिम बंगाल और झारखंड से लेकर ओडिशा तक अगले चार दिनों के दौरान पारा चढ़ेगा और कुछ जगहों पर लू भी चल सकती है। हालांकि, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में अगले दो दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार, 14 मार्च को उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में हल्की बारिश की संभावना के साथ आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर भारत के राज्यों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और चोटियों पर बर्फबारी होने की संभावना है। देश के बाकी हिस्सों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा। बुधवार को राजस्थान के बाड़मेर में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7.7 डिग्री अधिक है। एक दिन पहले जोधपुर, चित्तौड़गढ़, सिरोही, डूंगरपुर और पाली में भी अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।



**हिमाचल में चंबा-लाहौल में गिरे हिमखंड :** हिमाचल प्रदेश के रोहतांग सहित ऊंची चोटियों पर बुधवार को बर्फबारी हुई। चंबा और लाहौल घाटी में हिमखंड गिरे, जिससे सड़क बंद हो गई। मनाली-केलांग हाईवे तीन पर तेलिंग नाला में हुए हिमस्खलन से हाईवे करीब दो घंटे अवरुद्ध रहा। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण ने कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर व चंबा जिला में हिमखंड का अलर्ट जारी किया है। कुल्लू में 16, लाहौल-स्पीति में 121 सड़कें और बिजली के 27 ट्रांसफार्मर ठप हैं। मैदानी जिलों में धूप खिली रहने से अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पार गया।

**गुलमर्ग में बर्फबारी :** जम्मू-कश्मीर में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। विश्व विख्यात पर्यटन स्थल गुलमर्ग सहित अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में जहां लगातार बर्फबारी और बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया है, वहीं, जम्मू समेत संभाग के इलाकों में तपिश बढ़ी है।

### गुजरात : भीषण गर्मी के साथ लू चलने की संभावना

मौसम विभाग ने कहा कि 13 मार्च को गुजरात में भीषण गर्मी के साथ लू चलने की संभावना है। 13 और 14 मार्च को विदर्भ में, 13-16 मार्च के दौरान ओडिशा में; 14-16 तारीख के दौरान झारखंड में और 16 मार्च को गंगीय पश्चिम बंगाल में भीषण गर्मी पड़ने और अलग-अलग स्थानों पर लू चलने संभावना है। उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अगले 48 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। उसके बाद तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।

## Short News

### बाजार : शुरूआती दबाव के बाद सेंसेक्स-निफ्टी में लौटी हरियाली



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को हरे निशान पर कारोबार की शुरूआत होने के बाद उतार-चढ़ाव दिखा। प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स बाजार खुलने के बाद 150 अंक तक चढ़ा। फिर इसमें बिकवाली दिखने लगी। हालांकि, सेंसेक्स और 50 शेयरों का सूचकांक एनएसई निफ्टी इस झटके से उबरने में सफल रहे। बुल्स और बियर्स के घमासान के बीच सुबह 9 बजकर 57 मिनट पर सेंसेक्स 206.05 (0.28%) अंकों की बढ़त के साथ 74,235.81 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 21.75 (0.1%) अंक मजबूत होकर 22,492.25 के स्तर पर पहुंचा। शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे बढ़कर 87.14 पर पहुंच गया।

### तेल क्षेत्र संशोधन बिल संसद से पास

### सरकार बोली- राज्यों के अधिकारों पर अतिक्रमण नहीं बढ़ेगा निजी-विदेशी निवेश

**नई दिल्ली।** संसद ने पेट्रो क्षेत्र में अहम सुधारों को लागू करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी तेल क्षेत्र (विनियमन तथा विकास) संशोधन विधेयक, 2024 को मंजूरी दे दी। इसका मकसद खनिज तेल उत्खनन के लिए सिंगल परमिट प्रणाली लाने और समग्र ऊर्जा परियोजनाओं का विकास करना है। राज्यसभा बिल को पहले ही मंजूरी दे चुका है। बिल के कानूनी जामा पहनने के बाद तेल व गैस की खोज व उत्पादन के लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया सरल हो जाएगी। निजी और विदेशी निवेश बढ़ेगा। खनन के दौरान पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। पारित बिल तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 में संशोधन के लिए लाया गया। इसमें निकासी पट्टा देने, पट्टे पर खनिज तेलों की खोज, उत्पादन करने और इसे व्यापार योग्य बनाने के लिए अहम प्रावधान किए गए हैं। इमें खनन को पेट्रोलियम पट्टे में बदलने का भी प्रावधान है। विधेयक के कानूनी जामा पहनने के बाद भी मौजूदा खनन पट्टे वैध बने रहेंगे।

# आड़े पड़े सिग्नल पोल से कैसे सुधरेगा ट्रैफिक

### इंदौर के व्यस्ततम कोठारी मार्केट क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर किसी का ध्यान नहीं




गुड इवनिंग, इंदौर

**एक तरफ शहर में विभिन्न विकास कार्य करवाकर शहर को सुंदर बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ अधिकारी शहर के ट्रैफिक को सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। इन सबके बीच उन जगह को नजरअंदाज किया जा रहा है जहां से रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों का आना-जाना रहता है।**

एमजी रोड स्थित कोठारी मार्केट चौराहे के कुछ यही हाल हैं। यहां कई दिनों से एक ट्रैफिक सिग्नल गिर कर दीवार सहारे पड़ा हुआ है जबकि इस मार्ग से नगर निगम, जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों का भी आना जाना लगा रहता है। इसके बावजूद किसी ने भी इस ट्रैफिक सिग्नल को दोबारा से खड़े करने का कार्य नहीं करवाया। एक तरफ नगर निगम इसी के पास कई दुकानों को एक समान बनवाने का कार्य कर रहा है। कुछ इसी तरह के हाल रीगल ब्रिज से उतरने के दौरान एक प्रतिमा स्थल का है। वहां की रैलिंग टूटकर गिर चुकी है, वहीं प्रतिमा स्थल की दीवार में दरारें पड़ने लगी हैं। इसके बावजूद किसी का भी ध्यान इसे ठीक करने को लेकर नहीं गया है।

**जेल रोड पर नहीं हो रही ट्रैफिक सुधार की कार्रवाई :** जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस का अमला शहर के विभिन्न मार्गों पर ट्रैफिक सुधार को लेकर कई तरह की कार्रवाई कर रहा है लेकिन शहर के जेलरोड को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। जेलरोड पर बड़ी संख्या में बैसमेंट में दुकानें संचालित हो रही है। वहीं सड़क के दोनों और इतने अधिक दोपहिया वाहन खड़े रहते है जिससे वहां से आने जाने वाले वाहन चालकों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां कहने के लिए यातायात पुलिस की क्रेन कार्रवाई करती है लेकिन उस कार्रवाई को उक्त मार्ग पर कोई असर नहीं होता है।

# महाकाल के आंगन में आज जलेगी होली

### मंदिर में रंग-गुलाल नहीं ले जा सकेंगे भक्त

गुड इवनिंग, उज्जैन



विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के साथ भक्त इस बार होली नहीं खेल सकेंगे। इस वर्ष मंदिर में रंग-गुलाल ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है और कुछ कठोर नियम लागू किए गए हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर में परंपरानुसार मनाए जाने वाले होलिका महोत्सव एवं रंगपंचमी पर्व के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आज, कल और 19 मार्च को आयोजित होने वाले उत्सव के दौरान भक्तों की सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

# धार जिले में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

नई दिल्ली, धार

धार जिले में कल देर रात हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह चपटी हो गई और लोग उसी में फंसे रह गए। पिकअप में भी लोग फंसे रहे, जिन्हें निकालने क्रेन की मदद से ली गई। हादसे में तीन लोग गंभीर घायल भी हुए हैं। माना जा रहा है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

हादसा धार जिले से गुजर रहे नवनिर्मित बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर हुआ है। पुलिस ने बताया कि धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर रॉन्ग साइड से आ रहे गैस टैंकर ने एक कार और पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में एक की मौत और हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में बैठे कुछ लोग उछलकर दूर जा गिरे तो कुछ लोग कार में बुरी तरह फंस गए। बाहर गिरे लोगों की मौत हो गई। अंदर फंसे लोगों में से कुछ ने दम तोड़ा है। हादसे के वक्त तीन लोग अब भी टैंकर और पिकअप में फंसे हुए थे, जिन्हें निकालने के लिए क्रेन की मदद ली जा रही थी।

## 9 महीने से आईएसएस पर फंसीं सुनीता की घर वापसी फिर टली

**नई दिल्ली।** नासा और स्पेसएक्स ने एक अहम फैसला लेते हुए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए क्रू-10 मिशन का प्रक्षेपण रोक दिया है। इसकी वजह रॉकेट के हाइड्रोलिक सिस्टम में आई समस्या बताई जा रही है। आईएसएस में 9 महीने से फंसी भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की वापसी एक बार फिर टल गई है। स्पेसएक्स का फाल्कन 9 रॉकेट चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर उड़ान भरने वाला था, लेकिन लॉन्च से ठीक एक घंटे पहले इसे रोक दिया गया। हाइड्रोलिक दिक्कत अगर यह समस्या जल्दी ठीक हो जाती है, तो इस हफ्ते के अंत तक फिर से लॉन्च की कोशिश की जा सकती है।






### स्वदेशी मिसाइल का सफल परीक्षण, बढ़ेगी वायुसेना की ताकत

# 100 किमी से अधिक की दूरी पर दुश्मनों को मार गिराएगी 'अस्त्र'

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस से बुधवार को हवा से हवा में मार करने वाली 'अस्त्र' मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर तट पर किया गया। अस्त्र मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने डिजाइन और विकसित किया है। यह 100 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है।

यह मिसाइल उन्नत मार्गदर्शन और नेविगेशन प्रणालियों से लैस है, जो इसे अधिक सटीकता के साथ लक्ष्यों को तबाह करने में सक्षम बनाता है। यह मिसाइल उन लक्ष्यों को भी नष्ट कर सकती है, जो पायलट की नजर में नहीं आते। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण में अस्त्र मिसाइल ने हवा में उड़ते लक्ष्य को सीधा भेदा। सभी प्रणाली ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और मिशन के सारे मापदंड को पूरे किए। इससे यह साफ हो गया कि यह मिसाइल किसी भी हालात में दुश्मन के विमानों को मार गिराने में सक्षम है।



अस्त्र मिसाइल पहले से ही भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल है। अब यह तेजस एमके-1ए वेरिएंट के लिए भी पूरी तरह तैयार हो गई है। इस सफल परीक्षण के बाद तेजस की मारक क्षमता और बढ़ जाएगी, जिससे भारत की वायु शक्ति को नया बल मिलेगा।

### वायुसेना की ताकत को और धार देगा अश्विनी

पड़ोसी मुल्कों से उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए भारत अपने सशस्त्र बलों को लगातार मजबूत बना रहा है। इसी कड़ी में वायुसेना की ताकत को और धार देने के लिए लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार, एलएलटीआर (अश्विनी) की खरीद की जाएगी। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), गाजियाबाद के साथ 2,906 करोड़ रुपये का करार किया है। यह समझौता देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को और सशक्त बनाने के सरकार के प्रयासों के तहत किया गया है। अश्विनी को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रडार विकास प्रतिष्ठान ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है।

केसरबाग रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में हुआ फाग महोत्सव, मातृशक्तियों का किया सम्मान

# फाग गीतों पर जमा रंग जमकर थिरके अग्र बंधु

गुड इवनिंग, इंदौर

मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा द्वारा केसरबाग रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में फाग महोत्सव मनाया गया। फाग गीतों पर जहां खूब रंग जमा तो वहीं पदाधिकारियों द्वारा मातृशक्तियां का सम्मान भी इस दौरान किया गया। मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा प्रदेश अध्यक्ष पूनम गर्ग ने बताया कि फाग महोत्सव प्रमुख मार्गदर्शक गोविंद गोयल (भोपाल) एवं संरक्षक विष्णु बिंदल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। महोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथियों ने भगवान अग्रसेन की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलन के साथ की। इसके पश्चात भजन गायकों ने फाग गीतों की प्रस्तुति से मध्यरात्रि तक अग्र बंधुओं को थिरकाए रखा। कार्यक्रम में जहां मातृशक्तियों ने एक-दुसरे को रंग गुलाल लगाकर रंगो के त्यौहार की बधाई दी तो वहीं पदाधिकारियों द्वारा समाज सेवा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों को भी सम्मानित किया। शिव मंदिर में आयोजित फाग महोत्सव के दौरान फूलों की भी वर्षा हुई साथ ही राधा-कृष्ण की वेशभूषा में शामिल कलाकारों ने भी नृत्य की प्रस्तुति से सभी अग्र बंधुओं का ध्यानाकर्षण किया। फाग महोत्सव में ओंपी जिंदल, अजय अग्रवाल, गया प्रसाद तायल, नरेश अग्रवाल, नीतेश अग्रवाल को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। वहीं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रीति अग्रवाल एवं राजेंद्र गर्ग (समर्पण) थे। किरण तायल, पुष्पा ऐरन, चंचल अग्रवाल ने बताया कि सम्मान समारोह में सभी मातृशक्तियों को उपहार स्वरूप गिफ्ट भी भेंट किए गए। महोत्सव में हरिशचंद्र अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, मदनलाल अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, महावीर गर्ग, ओम जिंदल, ओमप्रकाश गर्ग, विद्या जैन, तारा गर्ग, संध्या गुप्ता, उर्मिला गर्ग, ललिता गुप्ता, संदीप अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, नीरू गुप्ता, मधु अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, विजयलक्ष्मी अग्रवाल, साधना जिंदल, कोमल गर्ग, पुष्पा सिंघल, रेखा गुप्ता, शोभा अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, शिवनारायण अग्रवाल, विजय बाबू बंसल, राजकुमार अग्रवाल, राकेश गुप्ता, श्याम सुन्दर गुप्ता, तेजकरण गर्ग सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे।



## दिगंबर जैन जैसवाल सोशल मंच, इंदौर द्वारा मनाया गया म्यूजिक फाग उत्सव

**इंदौरः** फागुन मास के पावन अवसर पर दिगंबर जैन जैसवाल सोशल मंच द्वारा रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन पार्श्व राज गार्डन, छोटी कलमेर रोड पर आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए मंच के मीडिया प्रभारी दीपक जैन ने कहा कि दोपहर 1.30 बजे से शुरू हो फाग महोत्सव रात को 11.00 बजे तक चला। सोशल मंच हर वर्ष फाग महोत्सव का आयोजन करता है इस वर्ष भी इस आयोजन में मंच के सदस्यों ने बड़े हर्ष के साथ सहभागिता प्रदान की महोत्सव के अंतर्गत मंच के सभी सदस्यों का वेलकम ढोलक पर डांस करवा के किया गया। भारतीय संस्कृति के अनुसार सभी के मस्तिष्क पर खुशबूदार गुलाल का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। दोपहर में मीटिंग संयोजक द्वारा छोटे बच्चों और कपल सदस्यों के लिए आकर्षक होली गेम्स खिलायें गये। शाम को साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें मंच के सदस्यों के द्वारा मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुत दी। सोशल मंच के सभी भूतपूर्व अध्यक्ष का मंच कार्यकारिणी द्वारा स्वागत किया गया तथा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें श्री मनोज जैन को वर्ष 2025 के लिए मंच का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राकेश जैन को सचिव व ललीत जैन को कोषाध्यक्ष का पद सभी भूतपूर्व अध्यक्ष की सहमति से प्रदान किया। मंच के वर्ष 2024 के अध्यक्ष मनीष जैन ने बेच लगाकर नये अध्यक्ष मनोज जैन को वर्ष 2025 का कार्यभार ग्रहण करवाया। मंच द्वारा आकर्षक गेम्स के विजेता को पुरस्कृत किया। रात में मीटिंग संयोजक द्वारा भव्य डीजे. संगीतमय होली तंबोला गेम खिलाया गया। जिसके अंतर्गत कोई आकर्षण गिफ्ट सदस्यों को प्रदान किया गयें। डीजे? के द्वारा होली व अन्य भजनों का ऐसा समां बांधा गया कि प्रत्येक सदस्य झुमने व नाचने पर विवश हो गये। रात को 11 बजे तक चले इस आयोजन में प्रत्येक सदस्य ने फाग महोत्सव का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंशुल जैन, विनेक-सारिका जैन,श्वेता- रितेश जैन व विजय- सपना जैन द्वारा किए गया। अंतः में सफल आयोजन के लिए आभार मंच सचिव राकेश जैन द्वारा किया गया।

## होलिका दहन व रंगारंग फाग उत्सव आज

**इंदौर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सामाजिक कार्यकर्ता पंकज फतेहचनदानी व सिन्धु सभा के नेतृत्व में 13 मार्च रात्रि 8 बजे से सनातन संस्कृति सभ्यता का पर्व होली फाग उत्सव सिन्धु सभा गृह मोहनधाम मंदिर खातीवाला टैंक पर मनाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक गीत, फाग उत्सव, भगवान राधा-कृष्ण की झांकी सजाई जाएगी। कमलेश राव द्वारा सुमधुर भजन व गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। होली का दहन गोकासट से कर पर्यावरण को बचाने का संदेश के साथ हर्बल गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली उत्सव की बधाई दी जाएगी।

# रामनवमी पर सुबह निकलेगी सांई बाबा की शोभायात्रा

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर। श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा 26 दिवसीय सांई राम महोत्सव 13 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। देवी अहिल्या की नगरी इन्दौर में 23 दिनों तक अलग-अलग क्षेत्रों में बाबा की प्रभातफेरी निकाली जाएगी। जिसमें सांई भक्त रामनवमी पर्व पर प्रातः 5 बजे निकलने वाली भव्य सांई-राम पालकी यात्रा का निमंत्रण नगरवासियों को देंगे। 26 दिवसीय महोत्सव के दौरान सांई भक्त प्रभातफेरी में स्वस्छ इन्दौर-सुंदर इन्दौर, जल ही जीवन हैं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं बेटी हैं तो कल है... जैसे सामाजिक सरोकार के संदेश भी देंगे। श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष गौतम सुरेंद्र पाठक एवं वीनिता पाठक ने बताया कि 23 दिवसीय प्रभातफेरी की शुरूआत गुरूवार 13 मार्च को छावनी स्थित पारसी मोहल्ला से प्रात 5.30 से 7.30 बजे तक निकाली जाएगी।

# आज वरुण विक्ट्री परिसर सहित अनेक स्थानों पर होगा गोकाष्ठ एवं कंडों से श्रृंगारित होली का दहन



गुड इवनिंग, इंदौर

अग्रवाल समाज हाई वे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में गुरुवार, 13 मार्च को सांय 7 बजे वरुण विक्ट्री रहवासी संघ की मेजबानी में वरुण विक्ट्री परिसर में 10 क्विंटल गोकाष्ठ एवं गाय के गोबर के 200 कंडों से निर्मित होलिका का दहन किया जाएगा। हाई वे क्षेत्र के प्रमुख संस्थापक अरविंद बागड़ी के साथ रहवासी संघ की ओर से मनीष मन्नू अग्रवाल, सतीश गोयल, दिलीप अग्रवाल पालदा, मुकेश मंगल, लव अनिल अग्रवाल बड़वाह, नारायण ऐरन, मोहन गर्ग, मनीष अग्रवाल ताप्ती, आशीष शर्मा, नवीन पुरोहित, मुकेश झंवर, निखार बंसल सहित क्षेत्र के समाजबंधुओं ने होलिका का विधिवत पूजन अर्चन कर गोकाष्ठ एवं गोबर से निर्मित कंडों से उसका श्रृंगार किया। इस अवसर पर बागड़ी ने, जो म.प्र. वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री भी हैं बताया कि शहर के अनेक प्रमुख वैश्य संगठनों ने भी गुरुवार को गोकाष्ठ एवं गोबर के कंडों से निर्मित होलिका का दहन करने का संकल्प किया है। शहर में एक दर्जन से अधिक वैश्य संगठनों की ओर से गोकाष्ठ की होली का दहन करने का निश्चय किया है। दहन में किसी भी तरह की लकड़ी एवं अन्य पदार्थों का उपयोग वर्जित रखने का निर्णय भी पहले ही लिया जा चुका है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से यह संकल्प किया गया है।

## फाग गीतों की प्रस्तुति ने मोहा मन, महिला दिवस पर मातृशक्तियों का किया सम्मान



**इंदौर।** राठौर एकता वुमंस ग्रुप द्वारा शहर की एक निजी होटल में फाग महोत्सव व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने समाज सेवा की दिशा में कार्य कर रही मातृशक्तियां का सम्मान भी किया। ग्रुप की ललीता राठौर एवं मंजूश्री बोड़ाने ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ ही ग्रुप की सदस्याओं ने फाग महोत्सव भी इस दौरान मनाया। सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के चेहरों पर रंग-गुलाल लगाया एवं होली पर्व की एक-दुसरे को बधाई दी। इस दौरान राधा-कृष्ण के भजनों पर भी सदस्याओं ने ने अपनी प्रस्तुतियां दी। फाग व महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सदस्याओं ने ड्रेस कोड़ भी लागू किया था। जिसमें सभी सदस्याएं श्वेत परिधान में नजर आई। महोत्सव के दौरान राधा-कृष्ण की वेशभूषा में शामिल सदस्याओं ने भी अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में संगीता देवड़ा, अर्चना राठौर, सुनीता राठौर, संगीता राठौर, आरती राठौर, कुसुम राठौर, अनुपमा राठौर, अन्नपूर्णा राठौर, गिरजा राठौर, सरोज राठौर, गीता राठौर, शीतल राठौर, सरिता राठौर, जया राठौर, पूजा राठौर, आरती राठौर, ममता राठौर, वर्षा राठौर सहित अन्य सदस्याएं मौजूद थीं।

# माहेश्वरी समाज की परंपरागत फाग यात्रा में शामिल होगी फूलों और गुलाल उड़ाती तोप, तैयारियां पूरी

गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन से निकलने वाले रंगारंग बाने में होंगे अनेक आकर्षण

गुड इवनिंग, इंदौर

माहेश्वरी समाज के युगलों एवं परिवारजनों सहित परंपरागत फाग यात्रा संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के तत्वावधान में रविवार, 16 मार्च को सांय 5 बजे से गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन से प्रारंभ होकर नरेन्द्र तिवारी मार्ग, उषानगर, रणजीत हनुमान, स्कीम 71, गुमाश्ता नगर होते हुए पुनः मुकुट मांगलिक भवन पहुंचेगी। फाग यात्रा में शहर के लगभग सभी क्षेत्रों के माहेश्वरी बंधु, आदिवासी लोक नर्तक, फूलों की वर्षा करने वाली तोपगाड़ी, मांदल की थाप पर नृत्य करने वाले भगोरिया के आदिवासी, ऊंट गाड़ी के अलावा भजन एवं गरबा मंडल भी



शामिल रहेंगे। इस दौरान, माहेश्वरी दम्पति पूरी मस्ती के साथ अलग-अलग वेशभूषा में फाग गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल होंगे।

माहेश्वरी कुटुम्ब के प्रमुख संस्थापक प्रकाश-शारदा अजमेरा ने बताया कि माहेश्वरी समाज के युगलों की यह परंपरागत फाग यात्रा बाने की शक्ल में रविवार को राधाकृष्ण के फाग गीतों, आदिवासी कलाकारों की मांदल पर नाचते-गाते और भगौरिया के आदिवासी लोक नर्तकों के साथ रंग-गुलाल एवं फूलों की वर्षा करते हुए संपन्न होगी। तोप से फूलों एवं गुलाल की वर्षा के बीच यह यात्रा पूरे क्षेत्र में नागरिकों का अभिवादन करते हुए अनेक आकर्षणों के साथ नरेन्द्र तिवारी मार्ग, उषानगर, रणजीत हनुमान, स्कीम 71, गुमाश्ता नगर होते हुए पुनः मुकुट मांगलिक भवन पहुंचेगी। इसके पूर्व शहर के विभिन्न अंचलों से समाजबंधु अपरान्ह 4 बजे से मुकुट मांगलिक भवन पहुंचना शुरू हो जाएंगे, जहां स्वल्पाहार के पश्चात इस रंगारंग बाने का शुभारंभ होगा। बाने में अनेक समाजबंधु देवी-देवताओं, फकीर, राजा एवं अन्य स्वांग रचकर अनूठी वेशभूषा में शामिल होंगे। कार्यक्रम की दिव्यता को देखते हुए संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें मनोज छापरवाल, पुष्प माहेश्वरी, श्रीमोहन सोमानी, श्याम भांगड़िया, रूपेश भूतड़ा, आशीष बाहेती एवं गोपाल राठी सहित अनेक समाजबंधु शामिल किए गए हैं।

## फूलमाली सैनी समाज छावनी की शोक निवारण बैठक कल

**इंदौर।** फूलमाली सैनी समाज छावनी की साधारण सभा में लिए गए निर्णय के अनुसार इस बार सभी समाजबंधु छावनी स्थित बद्रीनारायण भोलाराम की धर्मशाला पर शुक्रवार, 14 मार्च, धुलेंडी को सुबह 9 बजे से एकत्र होकर उन समाज बंधुओं पर रंग डालकर शोक निवारण करेंगे, जिनके परिवार में गमी हुई है। समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी, मंत्री मनोहर सैनी एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि पहले गमी वाले घरों पर समाज के सभी लोग पहुंचकर रंग-गुलाल करते थे, लेकिन शहर के विस्तार एवं दूर-दराज की कालोनियों में बसे समाजबंधुओं तक पहुंचना तथा समाजबंधुओं के परिजनों को होने वाली मुश्किलों को देखते हुए एक ही स्थान पर सभी समाजबंधु एकत्र होकर शोक निवारण करेंगे। समाज के उपाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, सतीश सैनी एवं मोहनलाल सैनी के अनुसार सुबह 9 से 12 बजे तक यह आयोजन होगा।

जाल सभागृह में समन्वय परिवार के तत्वावधान में बदलते समय में परिवार की महत्ता विषय पर प्रेरक उद्बोधन

# परिवार के प्रति सुख-दुःख को आपस में बांटने का भाव होना चाहिए

गुड इवनिंग, इंदौर

पूरी दुनिया में भारत भूमि को सबसे पावन माना जाता है, क्योंकि हमारी पारिवारिक व्यवस्थाएं और मयार्दाएं इतनी श्रेष्ठ और व्यवस्थित हैं कि दुनिया के किसी अन्य देश में ऐसे परिवार देखने को नहीं मिलते। इनमें भी गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ माना जाना चाहिए, क्योंकि अन्य सभी आश्रम भी गृहस्थ आश्रम से ही पलते और चलते हैं। यहां तक कि हम साधु-संन्यासी भी गृहस्थों पर ही निर्भर रहते हैं, हालांकि यह आधा सच है। पूरा सच यही है कि गृहस्थ आश्रम तभी श्रेष्ठ बनेगा, जब वहां पवित्रता और प्रसन्नता का पर्यावरण होगा। स्वच्छता और पवित्रता में अंतर को भी समझना होगा। एक फिल्म अभिनेत्री के कपड़े स्वच्छ हो सकते हैं, लेकिन मां का आंचल उससे कई गुना अधिक पवित्र होता है। परिवार में एक-दूसरे के प्रति समर्पण एवं सुख-दुख को आपस में बांटने का भाव होना चाहिए।

ये प्रेरक विचार हैं अयोध्या स्थित रामलला मंदिर न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज के, जो उन्होंने मंगलवार रात को जाल सभागृह में भारत माता मंदिर हरिद्वार के संस्थापक स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि की प्रेरणा से गठित समन्वय परिवार इंदौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रारंभ में समन्वय परिवार की ओर से उपाध्यक्ष रामअवतार जाजू ने स्वागत उदबोधन दिया। अध्यक्ष रणछोड़प्रसाद गनेरीवाल, आई.एस. श्रीवास्तव, कमलेश सोजतिया, महासचिव सी.ए. भरत सारड़ा, डॉ. आशुतोष सोनी, पुरुषोत्तम पसारी, मनोहर बाहेती, राजाराम बाल्दी, मोहन अग्रवाल, राकेश चौरड़िया एवं मनोहर चतुर्वेदी ने स्वामी गोविंददेव गिरि तथा स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज का स्वागत किया। इसके पूर्व संतद्वय ने ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरिजी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अशोक पुंडलिक एवं गोविंद खंडेलवाल ने स्वामीजी की स्वरचित प्रार्थना का सामूहिक पाठ करवाया। संचालन उपाध्यक्ष अनिल भंडारी ने किया और अंत में आभार माना सी.ए. भरत सारडा ने।



अपने प्रभावी एवं सारगर्भित उदबोधन में राष्ट्रसंत स्वामी गोविंददेव गिरि ने ह्यबदलते समय में परिवार की महत्ताह्ल विषय पर बोलते हुए कहा कि हम वसुधेव कुटुम्बकम की भावना में सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में मानने वाले लोग हैं, लेकिन विश्व के पहले परिवार को भी जानना जरूरी है। परिवार तभी सुखी रह सकता है, जब हम मैं की जगह हम की भावना आगे रखेंगे। यह ह्यहमह्ल का भाव ही परिवार की पहचान होता है। परिवार में परस्पर स्नेह और सदभाव के वातावरण से ही हम सुख और शांतिपूर्ण जीवन यापन कर सकते हैं। आज के युग में परिजनों में जो मतभेद और मनभेद दिखाई देते हैं, उनके पीछे मनुष्य के अपेक्षा एवं उपेक्षा के भाव ही मुख्य होते हैं। रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों में परिवारों की श्रेष्ठ व्याख्या की गई है। भारत भूमि को आयावृंत भी कहा गया है, इसीलिए इसे पूरे विश्व में पावन भूमि का मान और सम्मान मिला हुआ है। गृहस्थ आश्रम सबसे श्रेष्ठ आश्रम माना जाना चाहिए, क्योंकि बाकी सभी आश्रम गृहस्थ आश्रम से ही पलते और चलते हैं। यहां तक कि हम साधु-संन्यासी भी गृहस्थों पर ही निर्भर हैं। यह आपका बड़प्पन है कि आप हमें इतना मान-सम्मान देते हैं। परिवार तभी संतुष्ट और परिपूर्ण कहलाएंगे, जब हम पवित्रता और प्रसन्नता का महत्व भी समझेंगे। कार्यक्रम में स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने भी संबोधित किया और कहा कि ग्लोबलाइजेशन और सेटेलाइट के इस युग में हमें अपनी पारिवारिक सभ्यता और संस्कृति को भी बचाना आवश्यक है।

पांचवीं मंजिल पर किया नई डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण, अस्पताल में अब हो गई है 18 आधुनिक डायलिसिस मशीन

# एमवाय में लगाई 10 नई डायलिसिस मशीन

गुड इवनिंग, इंदौर

**इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में रोटरी क्लब बैंगलोर एवं पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सहयोग से 10 नई उन्नत तकनीकी वाली हीमोडायलिसिस मशीनों के साथ में नई विस्तारित डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया गया।**






इसके पूर्व 8 डायलिसिस मशीनें के साथ अब कुल 18 डायलिसिस मशीन हो गई हैं। मरीजों को बेहतर और अधिक कुशल उपचार के लिए पूरी तरह से आधुनिकीकृत की गई है। वर्तमान में एम. वाय. चिकित्सालय में किडनी की गंभीर बीमारी एवं अन्य रोगों से ग्रसित लगभग 450 मरीजों का प्रति माह हीमोडायलिसिस किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अधिष्ठाता महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं कार्यपालन अधिकारी प्रो. डॉ. अरविंद घनघोरिया, रोटरी क्लब इंदिरा नगर बैंगलोर की अध्यक्ष सुप्रिया कंधारी, महाराजा यशवंत राव चिकित्सालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक प्रो. डॉ. अशोक यादव आदि की उपस्थित में लोकार्पण किया गया। अस्पताल के वार्ड 29 को पूरी तरह नई डायलिसिस मशीनों हेतु तैयार कर आधुनिक रूप दिया गया है। चिकित्सालय में लगाई गई डायलिसिस मशीनों की लागत एक करोड़ रुपए है। एम.वाय. चिकित्सालय इंदौर में ऐसे मरीज भी जो कि रक्त जनित रोगों से ग्रसित है, उनकी भी डायलिसिस की जाएगी, जिनका कोई प्रायवेट अस्पताल भी डायलिसिस नहीं करता है। पूर्व में डायलिसिस की प्रक्रिया प्रति मरीज में ज्यादा समय लगता था, लेकिन इन आधुनिक मशीनों से काफी कम समय में मरीजों की डायलिसिस हो जाएगा, जिससे मरीजों का समय भी बचेगा। किडनी के सहीं तरीके से काम नहीं करने पर मरीजों के लिए डायलिसिस अनिवार्य होती है। अस्पताल में बड़ी संख्या में किडनी के मरीज उपचार के लिए आते हैं। वर्तमान में एम.वाय. अस्पताल में किडनी की गंभीर बीमारी एवं अन्य रोगों से ग्रसित लगभग 450 मरीजों का प्रति माह हीमोडायलिसिस किया जाता है। मरीजों की बीमारी की गंभीरता के अनुसार मशीनों को पृथक किया गया है, आयुष्मान मरीजों को पूर्णतः मुफ्त में इलाज दिया जाता है एवं अन्य मरीजों से मात्र 263 रुपए की रसीद ली जाती है।

## शेखर नगर गार्डन में बड़ी दुर्घटना टली, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



गुड इवनिंग, इंदौर

शेखर नगर गार्डन में आज एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। कान्हा नदी के किनारे सफाई अभियान के तहत निकाले गए मलबे को पोकलेन मशीन की सहायता से हटाया जा रहा था। सफाई कार्य के दौरान पोकलेन मशीन की टक्कर से एक स्ट्रीट लाइट का खंभा हाई टेंशन लाइन पर गिर गया, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना के तुरंत बाद क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद कुछ देर में बिजली सप्लाई तो बहाल कर दी गई, लेकिन खंभे को हाई टेंशन लाइन पर लटका ही छोड़ दिया गया। यह स्थिति किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मलबा हटाने के दौरान सुरक्षा के कोई पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। न तो बिजली सप्लाई को अस्थायी रूप से रोका गया और न ही काम के दौरान क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए थे। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि संबंधित विभाग इस लापरवाही की जांच करें और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

तत्काल जांच कर मौके पर बताई गई जांच रिपोर्ट

## होली : खाद्य विभाग भी सक्रिय कई जगह से लिए सैंपल

गुड इवनिंग, इंदौर

**अपर कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के तीन दल बनाकर होली त्योहार को लेकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की विशेष निगरानी के लिए आदेशित किया गया है। इसके तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने खाद्य पदार्थों के 16 सैम्पल जांच हेतु लिए हैं।**





जिन जगह से सैम्पल लिए गए है उनमें श्रीनाथ स्वीट्स नमकीन बेकरी छावनी से मावा पेड़ा व मिल्क केक, श्रीजी नमकीन आरएनटी मार्ग से रतलामी सेव व बेसन, श्री कृष्णा दूध दही भंडार छावनी से पनीर व घी, एम.एम.बी होटल प्राइवेट लिमिटेड छावनी से मावा बर्फी व बेसन लड्डू, जैन मिठाई भंडार एंड नमकीन देपालपुर से मलाई बर्फी व दूध कतली, आराध्या स्वीट्स देपालपुर से मलाई बर्फी के सैम्पल जांच के लिए गए है।

**बेटमा में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम :** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बेटमा में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सहायता से जागरुकता कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में आमजन एवं खाद्य कारोबार कताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के आसान तरीकों से जागरूक एवं प्रशिक्षित किया गया । साथ ही खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों के निर्माण में फोर्टिफाइड फूड का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। खाद्य कारोबार कताओं के लिए ग्राम बेटमा में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन भी किया गया।

**खाद्य पदार्थों की मौके पर ही की गई जांच :** एफएसडब्लू की सहायता से ग्राम बेटमा स्थित विभिन्न दुकानों से लगभग 25 सैम्पल लिए फिर खाद्य पदार्थों की जांच मौके पर ही की गई तथा विक्रेताओं को जांच रिपोर्ट तत्काल दी गई ।

## गोपाल मंदिर के दुकानदारों को संभाग आयुक्त ने दिए निर्देश

गुड इवनिंग, इंदौर

संभागायुक्त ने गोपाल मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक ली। बैठक में संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त, संयुक्त कलेक्टर सहित इंदौर स्मार्ट सिटी डेव्हलमेंट लिमिटेड के असिस्टेंट इंजीनियर्स विशेष रूप से मौजूद थे।

बैठक में संभागायुक्त दीपक सिंह ने संबंधित अधिकारियों से गोपाल मंदिर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोपाल मंदिर कॉम्पलेक्स की दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया विधिवत रूप से संपादित कराए। संभागायुक्त श्री सिंह ने माफी अधिकारी कल्याणी पांडे को निर्देशित किया कि 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से सभी आवंटित दुकानों की प्रीमियम राशि एवं लीज एग्रीमेंट को संपादित करवाए। 31 मार्च के बाद रिक्त दुकानें एवं निविदाएं निरस्त की गई तो उन दुकानों की निविदा इंदौर स्मार्ट सिटी डेव्हल्पटमेंट लिमिटेड द्वारा पुनः निविदा आमंत्रित की जाएगी। संभागायुक्त दीपक सिंह के निर्देशन में विभिन्न एजेंसियों द्वारा जिन शासकीय मंदिरों का संधारण एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है, उनसे दान राशि प्राप्त किए जाने हेतु मंदिरों में क्यूआर कोड़ लगाने के निर्देश भी दिए गए है। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपने सुझाव एवं विचार भी रखें।

लोगों को मिलेगा फायदा

## आयुष्मान कार्ड को लेकर जुड़ी कई और सुविधाएं

गुड इवनिंग, इंदौर




आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत स्थापित हेल्पलाइन नम्बर की सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इसमें कई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जिनका लाभ कार्डधारी आसानी से ले सकते हैं। हेल्पलाइन पर उपलब्ध सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए इन्दौर जिले को पायलेट प्रोजेक्ट के तहत लिया गया हैं। बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के कार्डधारी द्वारा हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्या की जानकारी टेली कॉलर को दी जा सकेगी।

टेली कॉलर द्वारा हितग्राही के निकटतम स्वास्थ्य संस्था में उपलब्ध चिकित्सक से अपॉइंटमेंट लेकर हितग्राही को सूचना दी जाएगी, जिससे की हितग्राही तय समय पर सीधे चिकित्सक के पास पहुंच कर परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। हितग्राहियों का आभा आई.डी. पंजीयन कर उपचार का डिजिटल रिकार्ड तैयार करने में भी सहायता मिल सकेगी। योजना के तहत इंदौर जिले में टारगेट के विरुद्ध 114 प्रतिशत कार्ड बन चुके है। वर्तमान में विभिन्न बीमारियों के 2900 प्रोसिजर के तहत प्रति परिवार पांच लाख रुपए तक का वार्षिक निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। योजना का विस्तार करते हुए आयुष्मान वयवंदना योजना के अंतर्गत 70 एवं 70 से अधिक आयुवर्ग वाले हितग्राहियों को भी योजना का भागीदार बनाया गया है। इंदौर जिले में 18 शासकीय एवं 67 निजी अस्पताल इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं। सुविधाओं के विस्तार के संबंध में जानकारी देने के लिए बुधवार को क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं इंदौर संभाग इंदौर के सभाकक्ष में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, सिविल सर्जन, सिविल अस्पताल पीसी सेठी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं महू, मल्हारगंज, सांवेर के जिला नोडल अधिकारी, एम.ई.आई.ओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर, डी.एम.एण्ड.ई.ओ., सहायक कार्यक्रम प्रबंधक, सीपीएचसी सलाहकार, समस्त सीबीएमओ, बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम, समस्त सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी जोनल चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे।

### श्री परशुराम सेना द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति

**इंदौर।** श्री परशुराम सेवा पूर्वी क्षेत्र इकाई द्वारा शनिवार शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक निजी स्थान पर रखी गई थी, जहां पर पूर्वी क्षेत्र के सम्मानित ब्राह्मण वरिष्ठ जन एवं मातृशक्ति उपस्थित थे। पूर्वी क्षेत्र इकाई के अध्यक्ष राजेश तिवारी और हेमेंद्र पाठक ने बताया कि परशुराम सेवा द्वारा आने वाले समय में क्षेत्र में छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को बाकी जाएगी। वहीं ब्राह्मण बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग और निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था ईट यूपीएससी और अन्य सरकारी परीक्षाओं के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

उपरोक्त निर्णय पूर्व एमआईसी सदस्य दिलीप शर्मा, सेवा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अनूप शुक्ला, शिखा तिवारी, राकेश जोशी, महेश जोशी आदि लोगों की मौजूदगी में हुआ। साथ ही मातृशक्ति में प्रवीण अग्निहोत्री, मंजू शर्मा, अलका दुबे अन्य कई मातृशक्तियां मौजूद थे। वहीं सेवा के संयोजक दीपक शर्मा, अध्यक्ष प्रकाश शर्मा पप्पी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र दीक्षित, प्लेसमेंट प्रभारी आनंद शुक्ला, संस्कार प्रकोष्ठ प्रभारी उमाशंकर चतुर्वेद बैठक में परशुराम सेना पूर्व क्षेत्र के अध्यक्ष राजेशतिवारी ने कहा कि परशुराम सेना की 20 अप्रैल को आयोजित संस्कार यात्रा, संस्कार, शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार, विधि, पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की एवं अगमी कार्य योजना बनाई।

## बजट पर बोले प्रतिनिधि

### नगरीय विकास के लिए किए गए प्रावधानों से निकाय बनेंगे आत्मनिर्भर : भार्गव

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर महापौर पुष्यमित्र ने प्रतिक्रिया देते हुए मध्य-प्रदेश 2047 के विकसित मध्य-प्रदेश का विजन डॉक्यूमेंट बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में समावेशी विकास के साथ साथ चार सर्वस्पर्शी मिशन - गरीब कल्याण, युवा कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण के साथ नगरीय विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। नगरीय निकाय, अपने बेहतर प्रशासन एवं कार्यप्रणाली से नगरों की विशिष्टता, ऐतिहासिकता एवं सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए विकास कार्य कर रहे हैं। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दृष्टिगत बड़े शहरों का समेकित विकास मेट्रोपॉलिटन एरिया की तर्ज पर किया जाने के प्रावधान से बड़े शहरों के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत अगले 5 वर्षों में 10 लाख नए आवासों के निर्माण का लक्ष्य है। जिससे शहरी गरीबों को सिर पर छत मिलेगी। नगरों के विकास के लिए त्वरित व सुलभ शहरी परिवहन को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर एवं भोपाल में मेट्रो रेल का संचालन शीघ्र प्रारंभ होने के साथ-साथ अन्य प्रमुख शहरों में केबल कार का संचालन करने के प्रावधान से यातायात प्रबंधन बेहतर होगा। पी.एम. ई-बस योजनांतर्गत प्रमुख शहरों में पर्यावरण अनुकूल ई-बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे पर्यावरण के साथ साथ लोक परिवहन में सुगमता आएगी। बजट में नगरीय क्षेत्रों में आवास हेतु लगभग रुपये 1 करोड़, नगरों की सड़क मरम्मत के लिए रुपये 408 करोड़ तथा शहरी अधोसंरचना विकास के लिए रुपये 295 करोड़ के प्रावधान किए गए हैं, जिससे शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों में तेजी आएगी। नगरीय निकायों को मूलभूत सेवाओं हेतु एकमुश्त अनुदान₹ अंतर्गत वर्ष 2025-26 में रुपये 1 हजार 617 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे निकायों में नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। नागरिकों को त्वतरित सुविधाएं उपलब्ध होगी।




### बजट में जनकल्याण, विकास के साथ विरासतों को सहजने का संकल्प दोहराया : दुबे

**इंदौर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे ने मप्र विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बताते हुए कहा कि इस बजट में प्रदेश की जनता के कल्याण के साथ अधोसंरचना विकास, पर्यटन, संस्कृति और विरासतों को सहजने का संकल्प दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के चार आधार स्तम्भों गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के कल्याण के प्रावधानों के साथ प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक विरासतों के विकास को सुनिश्चित किया गया है। पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व के क्षेत्र में रुपये 1 हजार 610 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है, जो कि गत वर्ष से रुपये 133 करोड़ अधिक है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि मध्यप्रदेश में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। इस हेतु श्रीकृष्ण पाथेय योजना के लिए रुपये 10 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। इसी प्रकार राम पथ गमन योजना में प्रभु श्रीराम के वनगमन पथ अंचल का विकास तथा धार्मिक नगरी चित्रकूट का समग्र विकास किया जाएगा। इस योजना के लिए रुपये 30 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। विश्व के 12 ज्योतिलिंगों में से एक, ओंकारेश्वर में उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर ओंकारेश्वर महालोक का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश अपने वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा का पुण्य लाभ प्रदान करने में सहभागी है। इस हेतु रुपये 50 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। इस योजना में, प्रारंभ से अब तक 8 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं।



### समृद्ध अन्नदाता और समृद्ध ग्राम की संकल्पना को साकार करने वाला बजट : चावड़ा

**इंदौर।** भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने मप्र विधानसभा में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत किए गए मप्र वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मार्ट विलेज की संकल्पना को साकार करने वाला बजट है। बजट में सभी वर्गों के कल्याण के साथ अवसंरचना, निवेश एवं औद्योगिकीकरण, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य सेवाओं एवं नवाचारों के साथ साथ अन्नदाताओं की समृद्धि एवं गांव की समृद्धि को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास किया गया है।



चावड़ा ने बताया कि बजट में समृद्ध व्यक्ति एवं परिवार के साथ ही समृद्ध ग्राम की संकल्पना के तहत मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना प्रारम्भ की जा रही है। पशुधन से समृद्धि के तत्व को समाहित करते हुए इसके अंतर्गत स्थानीय स्तर पर पशुपालन, मछली पालन तथा खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे गांव के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस हेतु बजट में रुपये 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। किसानों और खेतों को सौर ऊर्जा से जोड़ कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना कारगर सिद्ध होगी। पंचायतों को सर्वांगीण विकास में सहायता देने के उद्देश्य से मूलभूत सेवाओं हेतु अनुदान में रुपये 2 हजार 507 करोड़ की वृद्धि करते हुए इस वर्ष रुपये 6 हजार 7 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पंचायतो के माध्यम से ग्रामीण नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। पंचायतों का वित्तीय सामर्थ्य बढ़ाने की दृष्टि से ग्राम स्वराज अभियान में कुल रुपये 238 करोड़ तथा अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क वसूली अनुदान में रुपये 2 हजार 41 करोड़ का प्रावधान किया गया है।



# खंडवा जिले की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए विधानसभा में गूंजी विधायक की आवाज

## भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री ने की कंचन तनवे की सराहना

**गुड इवनिंग, भोपाल/खंडवा**

मध्यप्रदेश की विधानसभा में खंडवा से विधायक कंचन मुकेश तनवे ने खेल से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने अपनी ही सरकार से पूछा कि खंडवा जिले में खेल गतिविधियां कम क्यों हैं? क्या कारण है कि जिले की प्रतिभाओं और युवाओं को खेलों में जागरूक कम किया जा रहा है, विधायक श्रीमती तंवे ने खंडवा जिले के साथ ही शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपनी बात विधानसभा में रखी भारत टीम को ट्रॉफी जीतने की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि खंडवा जिले में भी कई युवा खिलाड़ी अलग-अलग प्रतिभाओं में मशहूर हैं लेकिन संसाधनों एवं खेल सामग्री वह प्रशिक्षकों की कमी के कारण वे अपना प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं, प्रदेश शासन को बधाई देते उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल का बजट काफी बड़ा दिया गया है, मुझे उम्मीद है कि खेल गतिविधियों को लेकर खंडवा में भी कार्य होंगे, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बताया कि बजट सत्र के एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में भी विधायक कंचन तंवे ने खेल गतिविधियों को लेकर अपनी बात मुख्यमंत्री तक रखी थी, उनकी इस मांग की विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव उप मुख्यमंत्री द्वारा सराहना की गई थी, बजट सत्र के दिन विधायक कंचन तंवे द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में खेलमंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि खंडवा जिले में पिछले 4 सालों में 46 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तर के प्रतिभागियों के रूप में शामिल करवाया गया। इनमें से 16 खिलाड़ियों को तो मेडल भी मिला है। 2021 से 25 तक काफी संख्या में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिला है।

विधायक प्रतिनिधि सुनील जैन ने बताया कि कंचन मुकेश तनवे मध्य प्रदेश और देश में खंडवा के युवा खिलाड़ियों को नई पहचान दिलाना चाहती हैं। वे लगातार प्रयास कर रही हैं कि खंडवा जिले में उत्कृष्ट खिलाड़ी होने से मौका पाएं, और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। खंडवा जिला पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर मल्लखंब, कुश्ती, ताइक्वांडो, हॉकी और अन्य खेल गतिविधियों में शीर्ष पर रहा है। यहां के खिलाड़ियों को राज्य सरकार पर्याप्त मदद और सहायता प्रदान करें। जिससे खेल गतिविधियों को गांव में भी बढ़ावा मिले। गांव में पंचायत स्तर पर खेल के मैदान के लिए भी कंचन तनवे प्रयासरत हैं।

### 30 मार्च को गुड़ी पड़वा से होगा 90 दिवसीय जल गंगा जल संवर्धन अभियान का शुभारंभ

# जल की बूंद-बूंद बचाएं, जल से ही सुरक्षित होगा हमारा कलः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**गुड इवनिंग, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पानी से ही जिंदगानी है। हम सभी को जल की बूंद-बूंद बचाने की जरूरत है। जल से ही हम सबका आने वाला कल सुरक्षित है। जल गंगा जल संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक गतिविधियां चलाई जाएं। जन सामान्य में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार विभिन्न विभागों, सामाजिक संगठनों और आम जनता की भागीदारी से जल संरक्षण गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। अभियान में वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई 'जल गंगा जल संवर्धन अभियान' की बैठक ये निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान गुड़ी पड़वा 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून 2025 तक तीन माह लगातार चलेगा।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, अभियान से जुड़े अन्य विभागों के प्रमुख सचिव सहित सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जल गंगा जल संवर्धन अभियान से प्रदेश में जल संकट को कम करने में मदद मिलेगी और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

जल संरक्षण के लिए उठाए जाएं ठोस कदम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के अंतर्गत जल संचय की विभिन्न गतिविधियां चलाई जाएं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण एवं जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, गांव-गांव में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यों के अलावा सामुदायिक सहभागिता के जरिए जल संरक्षण के प्रयास किए जाएं। अभियान को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी नागरिकों से भी अपील की कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें और प्रदेश में अभियान के दौरान इसे एक को जन-आंदोलन बनायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए सकारात्मक अभियान की शुरूआत की जाए। ग्रीष्मकाल में शासकीय स्कूलों में जल संरक्षण की गतिविधियां आयोजित की जाएं। बच्चों के लिए पीने के पानी की टंकी की साफ-सफाई कराई जाए, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए है।

### प्रधानमंत्री मोदी का जल संरक्षण अभियान अब बना जन आंदोलन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण आबादी को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कराने के लिए पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव-गांव में लोगों को पेयजल एवं किसानों को खेती के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। साथ ही गर्मी के मौसम में वन्य जीवों को भी कोई परेशानी न हो और उन्हें पानी मिले, इसके लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं को पुनर्विकसित किया जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बन चुका है। मध्यप्रदेश सरकार भी 'खेत का पानी खेत में - गांव का पानी गांव में' के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को प्रदेश की ऐसी सभी नदियों का रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश दिए, जहां जल धाराओं में मगरमच्छ, घड़ियाल, कछुआ समेत अन्य जलीय जीवों को पुनर्स्थापित किया जा सके।

## बैतूल में भाव बढ़ते ही खेत से लहसुन उखाड़ ले गए चोर, किसान ने रखा 50 हजार का इनाम



बैतूल। चिचोली थाना क्षेत्र के जीन बोरगांव में लहसुन चोरी का मामला सामने आया है। कुछ अज्ञात चोर एक किसान के खेत से लहसुन उखाड़ कर ले गए. करीब आधा एकड़ के खेत में लहसुन की चोरी होने से परेशान किसान ने चिचोली थाने में मामले की शिकायत की। वहीं, किसान ने चोर की सूचना देने वाले को 50 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। चिचोली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### 20 क्विंटल से ज्यादा लहसुन चोरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जीन बोरगांव निवासी रितेश खाडे के बिटिया गांव स्थित खेत से अज्ञात चोर लहसुन की फसल उखाड़ ले गए। चोर करीब 20 क्विंटल से भी ज्यादा लहसुन चुरा कर ले गए। जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ है। किसान रितेश खाड़े ने बताया कि, "वह एक दिन के लिए मेहमानी के लिए गए थे। उसी दौरान अज्ञात चोर लगभग बीस क्विंटल से भी ज्यादा लहसुन खेत से उखाड़कर कर ले गए। चिचोली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, लहसुन की चोरी करने वाले चोर की गुप्त सूचना देने पर 50 हजार रुपए का इनाम रखा है। बताने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।"

### चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

चोरी के इस मामले में चिचोली थाने के प्रधान आरक्षक सुनील राठौर ने बताया कि, एक किसान ने खेत से लहसुन की फसल चोरी होने की शिकायत की है। शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# फिटनेस के लिए जुम्बा से फिजिकली एक्टिव, काढ़ा कर रहा इम्युनिटी बेहतर

**गुड इवनिंग, ग्वालियर**

मेट्रोपोलिटिन सिटीज में फिटनेस के लिए लोग महंगे जिम, योगा सेंटर और पर्सनल ट्रेनर आदि पर अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा खर्च कर रहे हैं। जबकि प्रदेश के पिछड़े जिलों में शुमार श्योपुर में शरीर को फिट रखने के लिए 15 वर्ष के बच्चे और 70 वर्ष के बुजुर्ग तक के ग्रुप ने पारंपरिक उपाय और आधुनिक डांस जुम्बा को शामिल करके मनोरंजक तरीके से स्वस्थ रखने का तरीका अपनाया है।

ग्रुप सुबह 5 बजे सामान के साथ पार्क में इकट्ठा होता है और 7.30 बजे तक जूस/काढ़ा आदि वितरण करता है। काढ़ा और जूस से जहां इम्युनिटी बेहतर हो रही है, वहीं जुम्बा से मनोरंजक तरीके से होने वाले वर्कआउट से फिजिकल एक्टिविटी हो जाती है। सेहत और फिटनेस का यह अनूठा मेल लोगों को न सिर्फ बीमारियों से बचा रहा है, बल्कि एक नई जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी कर रहा है।



### इन नुस्खों का उपयोग

- बीपी व हार्ट के लिए अर्जुन की छाल-दालचीनी, शुगर के लिए कुरेठा की छाल, बेलपत्र, करेले, निंबोली का चूर्ण, गिलोय, कनेर के फूल, जामुन, अमरूद, नीम के पत्ते का हो रहा प्रयोग।
- डाइजेशन एवं लीवर को स्वस्थ रखने के लिए आंवला, हरड़, बहेड़ा, जीरा, हींग, अजवाइन, सेंधा और काला नमक, मोरिंगा और लेमन ग्रास, स्वाद के लिए नींबू का प्रयोग।
- जोड़ों के दर्द और थायराइड के लिए हरसिंगार, मोरिंगा के पत्ते
- अस्थमा के लिए अड़ूसा के पत्ते
- बबासीर के लिए खामरा घास की गोली

# ब्रिज से गिरी कार, छह माह के मासूम की मौत, दर्जन भर घायल

**गुड इवनिंग, मैहर**

बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे अमरपाटन थाना क्षेत्र के नादन में एक सड़क हादसे में करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। हादसे में 6 माह के मासूम की मौत हो गई वहीं चार लोग गंभीर हैं।

कार क्रमांक यूपी 65 बीआर 5656 में सवार दर्शनार्थी मां शारदा के मंदिर में बालक का मुंडन कराकर यूपी लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-30 पर एक ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में कार ब्रिज से नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को डायल 100 की मदद से सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया। जहां चार गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। वहीं 6 माह के बच्चे की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।



# जीआरएमसी के पूर्व डीन डॉ. अयंगर का निधन

**गुड इवनिंग, ग्वालियर**

गजराराजा मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉक्टर एसएन अयंगर का निधन मंगलवार की देर रात हो गया। डॉक्टर अयंगर के तौर पर केवल ग्वालियर संभाग ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश ने एक बेहतर सर्जन खो दिया है। दो बार जीआरमएसी में डीन की जिम्मेदारी निभाने वाले 69 वर्षीय डॉक्टर अयंगर को सीओपीडी की बीमारी थी और अभी चंद दिन पहले ही हैदाराबाद में इनके लंग्स ट्रांसप्लांट भी हुआ था, लेकिन इसके बाद इनकी सुधरी नहीं और मंगलवार की रात को इनका निधन हो गया। इनके निधन की खबर आते कॉलेज एवं अस्पताल में शोक की लहर दौड़ गई इनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया जाएगा। इन्हीं केप्रयास से जीआरएमसी में न्यूरोसर्जरी में एमसीएच की सीटें एक बढकर आठ हो गई। वह हमेशा दूसरे डॉक्टरों के लिए मिसाल पेश की। कोविड महामारी के दौरान जब वैक्सीन लगवाने को लोग डर रहे थे ऐसे में इन्होंने ग्वालियर में पहली कोविड वैक्सीन लगवाकर दूसरों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया।

### डॉक्टर अयंगर की सेवाओं पर

- 12 मार्च 1992 से 21 अप्रैल 2000 तक न्यूरोसर्जरी में सहायक प्राध्यापक रहे।
- 22 अप्रैल 2000 से 18 अगस्त 2024 तक न्यूरोसर्जरी में सह प्राध्यापक रहे।
- 12 वर्ष 3 माह तक न्यूरोसर्जरी में प्राध्यापक रहे।
- 2001 से 2022 तक न्यूरोसर्जरी में विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली।
- 19 मार्च 2010 से 10 मार्च 2014 तक जेएएच अधीक्षक रहे।
- 18 सितंबर 2015 से 5 दिसंबर 2018 तक और 25 मार्च 2020 से 14 अप्रैल 2021 तक अधिष्ठाता की जिम्मेदारी संभाली।

### दो माह में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोज निकाले 252 मोबाइल

# होली पर पुलिस का आमजन को तोहफा

**गुड इवनिंग, ग्वालियर**

रंगों के त्यौहार पर पुलिस ने आमजन को ऐसा तोहफा दिया कि उनके चेहरे खिल उठे। मौका था कि पुलिस ने उनके गुम हुए 252 मोबाइल को ढूंढ़ निकाला। जिन्हें पाकर उन्होंने न सिर्फ पुलिस का धन्यवाद किया बल्कि उनके काम की सराहना भी की। जिन लोगों के मोबाइल गुम हुए उनमें स्टूडेंट, सरकारी नौकरी वाले, गृहणी, मजदूर सहित कई लोग शामिल थे। पुलिस ने इन मोबाइल को दो माह के भीतर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोजा है जिनकी कीमत 60 लाख से अधिक होना बताई गई है।

दरअसल ग्वालियर के पुलिस के पास कई महिनों से प्रतिदिन मोबाइल गुम होने संबंधी आवेदन सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम हुए मोबाइलों को तलाशने के लिए साइबर सेल टीम को शीघ्र बरामदगी के लिए निर्देशित किया। जिस पर एएसपी कृष्ण लालचंदानी और डीएसपी अपराध नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेल उनि रजनी सिंह रघुवंशी द्वारा मोबाइल गुम होने संबंधी प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने हेतु सायबर सेल की टीम को लगाया गया। सायबर सेल टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पिछले दो महीने में लगभग 60 लाख 25 हजार रुपए कीमत के विभिन्न कम्पनियों के कुल 252 मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। सभी मोबाइल मालिकों द्वारा मोबाइलों के वापस मिलने पर पुलिस अधिकारियों एवं सायबर सेल की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने सायबर सेल की टीम को उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



**दीगर राज्यों के शहरों से ट्रेस किए मोबाइलः** उक्त सभी मोबाइलों को ग्वालियर, करैरा, शिवपुरी, दिल्ली, जयपुर, बैंगलोर, उ.प्र., मुरैना, गुना, भिण्ड, दतिया, झाँसी, गुजरात, आदि स्थानों से ट्रेस किया जाकर बरामद किये गये थे। उक्त मोबाइलों को ग्वालियर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों व सायबर सैल की टीम द्वारा मोबाइल मालिकों को सुपुर्द किया गया। इस टीम ने खोजकर दिए मोबाइल

उक्त मोबाइलों को खोजने में प्रभारी सायबर सेल उप निरीक्षक रजनी सिंह रघुवंशी, उपनिरीक्षक विश्वीर सिंह जाट, प्रधान आरक्षक संजय सिंह जादौन, आरक्षक जैनेन्द्र गुर्जर, आरक्षक कपिल पाठक, आरक्षक सोनू प्रजापति, आरक्षक शिवकुमार यादव, आरक्षक प्रदीप यादव, आरक्षक आशीष शर्मा, आरक्षक देवेश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

**मोबाइल खोने पर इस संचार की मदद उपभोक्ता**-भारत सरकार दूरसंचार विभाग के पोर्टल सीईआईआर संचार साथी की मदद से कोई भी व्यक्ति अपने चोरी अथवा गुम हुए मोबाइल को ब्लाक कर सकेगा और पोर्टल में मोबाइल गुम या चोरी होने की शिकायत दर्ज कराने के उपरान्त पुलिस द्वारा इस पोर्टल के माध्यम से मोबाइल को आसानी से खोजा जा सकेगा। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से चोरी या गुम हुए मोबाइल की शिकायत ऑनलाइन कर सकते है।

## त्योहारों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक ने अफसरों को दिए निर्देश

# संवेदनशील इलाकों में पुलिस सख्ती से करेगी चेकिंग




गुड इवनिंग, सारंगपुर

पुलिस अनुविभागीय कार्यालय में भोपाल ग्रामीण रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने सारंगपुर में अपराध समीक्षा बैठक ली। डीआईजी ने रमजान और होली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों और धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। पुलिस को हर इवेंट पर तत्काल पहुंचने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने सभी थानों की लंबित जांचों की समीक्षा की। उन्होंने विवेचकों को समय पर जांच पूरी करने को कहा।

बैठक में पुलिस एसडीओपी अरविंद सिंह, सारंगपुर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया, तलेंन थाना प्रभारी मेहताब सिंह, पचोर टीआई अखिलेश वर्मा, लिमाचौहान टीआई अनिल राहौरिया तहसील के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। डीआईजी ने रात में चौराहों पर चेकिंग बढ़ाने को कहा। अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया। डीआईजी ने थानों में रखे मालों के निस्तारण के भी निर्देश दिए। बैठक में शासन व उच्चाधिकारियों द्वारा जारी आदेशों और अभियानों पर भी चर्चा की गई। वही डीआईजी ने पांच दिवसीय होली उत्सव रंगपंचमी पर ड्रोन कैमरे से असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की बात कही।

### सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी

मीडिया से चर्चा में डीआईजी ने कहा है कि पुलिस प्रशासन द्वारा रंगपंचमी चल समारोह के दौरान शहर में शांति और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। अपराधी और शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जाने की व्यवस्था की जाएगी। ड्रोन से गहन सर्चिंग के साथ ही संवेदनशील स्थानों, जुलूस मार्गो, चौराहों आदि पर लगे सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस कंट्रोल रूम से चौबीस घंटे निगरानी की जाएगी।

### किए जाएंगे पुख्ता इंतजाम...

आगामी त्योहारों रमजान, ईद, होली, रंगपंचमी चल समारोह, के मद्देनजर शहर में शांति और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध पुलिस द्वारा किए जाने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए हैं। पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जरूरत पड़ने पर फारेस्ट कर्मियों की ड्यूटी लगाने को कहा गया है।

**-ओपी त्रिपाठी** डीआईजी ग्रामीण क्षेत्र भोपाल रेंज

## होली के त्यौहार को लेकर खंडवा जिला प्रशासन तैयार



गुड इवनिंग, खंडवा

शहर में गुरुवार को लगभग 200 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगा। बुधवार को रंग-गुलाल का पर्व होली मनाया जाएगा। रंगों का त्योहार होली का उल्लास शहर के कोने-कोने में दिखाई दे रहा है। गुरुवार को गली, मोहल्ले और प्रमुख चौराहों पर होली दहन के बाद होली का उत्साह रात से ही शुरू हो जाएगा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही धुलेंडी पर सभी के चेहरों पर लाल-गुलाबी रंग नजर आएगा। शहर में होली के गीत अभी से सुनाई देने लगे हैं। होली के पर्व को लेकर सबसे ज्यादा उत्सुकता बच्चों में दिखाई दे रही है। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में धूमधाम से फाग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महिला मंडलों द्वारा मधुर भजनों के माध्यम से सूखे रंगों व फूलों की होली खेली जा रही है। होली को मद्देनजर रखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से खरीदारों की भीड़ लगी रही।

धुलेंडी पर्व पर कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासन भी पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। शहर में केवलराम पेट्रोल पंप चौराहे गुप्ताजी की होली, दादाजी धाम, अनाज मंडी प्रांगण, नगर निगम प्रांगण जैसे कई स्थान है जिसे 40-50 वर्ष से अधिक हो गए हैं यहां शुभ मुहुर्त में होलिका दहन किया जाएगा। सुनील जैन ने बताया कि होली की तैयारी को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन मुस्तैद है, होली के एक दिन पूर्व बुधवार को शाम 7:00 बजे कंट्रोल रूम से कर के विभिन्न मार्गो में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस महानिरीक्षक अनुराग कुमार कलेक्टर ऋषभ गुप्ता पुलिस अधीक्षक मनोज राय यूपी पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर सहीत पुलिस प्रशासन की पूरी टीम इसमें शामिल हुई।

## पुलिस ने कलेक्टर-एसपी के साथ निकाला फ्लैग मार्च



गुड इवनिंग, देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं एसपी पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में देवास पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें कानून व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, उपद्रव अथवा असामाजिक गतिविधि को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च में जिला न्यायाधीश देवास ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक देवास दीशेष अग्रवाल सहित समस्त थाना प्रभारीगण तथा पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

## खातेगांव में भी होली और रमजान के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद



गुड इवनिंग, खातेगांव

खातेगांव में त्योहारों की तैयारियों को लेकर पुलिस ने कल शाम एसडीपीओ आदित्य तिवारी थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च निकाला। एसडीओपी आदित्य तिवारी ने कहा कि होली और रमजान सहित आने वाले त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। पुलिस ने नगरवासियों से त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। साथ ही लोगों से त्योहारों के दौरान हुड़दंग मचाने वालों की सूचना पुलिस को देने को कहा गया है।

## श्री राधाकृष्ण समरसता फागयात्रा 19 मार्च को

गुड इवनिंग, धार



इस वर्ष भी सनातनी त्योहार को अपने मूल स्वरूप में स्थापित करने की दिशा में भारतीय संस्कृति अनुरूप रंगपंचमी के पावन पर्व पर सकल हिन्दू समाज जनों के नेतृत्व में परंपरागत महाराजा भोजउत्सव समिति द्वारा 19 मार्च को प्रातः 9:30 श्री राधाकृष्ण समरसता फागयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। फाग यात्रा हेतु समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें फाग यात्रा हेतु निलेश परमार को संयोजक को बनाया गया, सह संयोजक रवि सिकरवार को बनाया गया, साथ ही मातृशक्ति हेतु ऊषा शर्मा को कार्यक्रम संयोजीका बनाया गया।

भोजउत्सव समिति की ओर से संरक्षक अशोक जैन, गोपाल शर्मा, द्वारकाधीश राठौर, हेमन्त दौराया, कृष्णा नगर, द्वारका राठौर, अध्यक्ष सुरेश जलोदिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण गोधा, मोहन देवड़ा, द्वारका अग्रवाल, ओम प्रजापत, बाबूलाल नायक, विमल गोधा, जगदीश राठौर, श्याम मालवा, सुधीर वाजपेयी, राजेश शुक्ला, बंटी राठौर, संजय शर्मा, श्याम मालवा पप्पू डामोर, सतीश सोनी, विजय वर्मा, शुभम पटेल, विक्रम लववंशी, अभिषेक चतुर्वेदी, राजेश कलसाडिया, शुभम राठौर, दिनेश पटेल, अमर जायसवाल, बंडू जी, मातृशक्ति से सुमन व्यास, चंदा भाभर, सरला पांडर, सुनीता शर्मा, डाली जाधव, सुमन जाट, रमिला दीदी, कृपा चौहान, सहित समस्त समिति के सदस्यों ने समस्त हिन्दुजन व मातृशक्ति से फागयात्रा में सपरिवार, इष्टमित्र, सहित शामिल होकर हिंदुशक्ति का परिचय देने का आह्वान किया है। उक्त जानकारी समिति के महामंत्री सुमित चौधरी ने दी।

## खंडवा में 55 वर्षीय महिला की डॉक्टरों ने बचाई जान

### मेडिकल कॉलेज के डेंटल विभाग में हुई सर्जरी

गुड इवनिंग, खंडवा




हाल ही में एक 55 वर्षीय महिला को गंभीर चोट आई, जब वह गिरने के कारण अपनी बाईं आँख के नीचे लकड़ी के एक टुकड़े से घायल हो गई। इस हादसे में महिला की आँख के नीचे लगभग 3 सेंटीमीटर का घाव हो गया और लकड़ी का टुकड़ा घाव में फंस गया, जिसके बाहर 0.5-1 सेंटीमीटर का हिस्सा दिखाई दे रहा था। घाव की गंभीरता को देखते हुए खंडवा मेडिकल कॉलेज के दंत विभाग के चिकित्सकों ने तत्काल सर्जरी की और लकड़ी के टुकड़े को सावधानीपूर्वक हटाया।

जाँच के दौरान यह पता चला कि लकड़ी का टुकड़ा घाव के अंदर लगभग 2.5 सेंटीमीटर तक प्रवेश कर चुका था, जिसका कुल आकार 3.5 सेंटीमीटर था। चिकित्सकों ने लकड़ी के टुकड़े को तुरंत निकालने के बाद घाव को अच्छी तरह से सींचा ताकि किसी भी प्रकार का संक्रमण या सेप्सिस से बचा जा सके। अगर इलाज में देर होती, तो महिला को सेप्सिस हो सकता था, जिससे उसकी आँख की रोशनी जा सकती थी।

इस सर्जरी में डेंटल विभाग प्रमुख डॉ. प्रियदर्शनी रंगारी, डॉ. नीलेश भानावत, डॉ. तृप्ता अग्रवाल और डॉ. अदिति सोनी ने अहम भूमिका निभाई। बताया गया कि रविवार से अब तक केवल तीन दिनों में 15 से ज्यादा डेंटल सर्जरी के मरीजों का सफल इलाज किया गया है।

सरकारी मेडिकल कॉलेज के दंत विभाग की वजह से अब इंदौर भेजे जाने वाले मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के मरीजों का इलाज अब खंडवा में ही किया जा रहा है, जिससे शहरवासियों को राहत मिली है। डॉ. प्रियदर्शनी रंगारी और उनकी टीम ने बताया कि भविष्य में विभाग की सुविधाओं में वृद्धि की योजना है और वे और भी बेहतर उपचार देने के लिए तत्पर हैं।

यह घटना एक उदाहरण है कि किस तरह से उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ, सामर्थ्य और तत्परता से मरीजों की जान बचाई जा सकती है और समय पर इलाज से गंभीर समस्याओं से बचाव संभव है।

### खातेगांव मंडी में आज से 16 मार्च तक बंद रहेगी नीलामी

**खातेगांव।** खातेगांव कृषि उपज मंडी के सचिव रघुनाथ सिंह लोहिया ने समस्त कृषक बंधुओं, व्यापारियों, हम्मालों एवं तुलावटियों से आग्रह किया है कि आगामी होली पर्व को देखते हुए 13 मार्च से 16 मार्च तक कृषि उपज मण्डी समिति, खातेगांव में नीलाम कार्य बन्द रहेगा। किसानों से अपील की गई है कि वे मंडी में फसल न लाएं। किसान उक्त अवधि में अपनी कृषि उपज एम.पी. फार्मगेट के माध्यम से मण्डी खातेगाँव के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को विक्रय कर सकते हैं।

## अतिथि शिक्षकों को तीन माह से नहीं मिला वेतन



गुड इवनिंग, बाग

विकासखंड में अतिथि शिक्षकों को दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक का वेतन नहीं मिला है। इसे लेकर अतिथि शिक्षकों ने बुधवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद नायक के नाम ज्ञापन सौंपा है।

शिक्षकों का कहना है कि वे आजीविका के लिए दुकानदारों से उधार लेकर काम चला रहे हैं। होली त्योहार नजदीक है, ऐसे में वेतन मिलना बेहद जरूरी है। अतिथि शिक्षक संघ के बाग ब्लॉक अध्यक्ष रामनाथ गाडरिया ने बताया कि धार जिले के अन्य ब्लॉक में शिक्षकों को मानदेय मिल चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाग ब्लॉक में बीईओ कार्यालय के कर्मचारियों की उदासीनता के कारण ग्लोबल बजट पर नजर नहीं रखी जा रही है। इस मामले में सहायक आयुक्त मनीषा गौतम ने स्पष्ट किया कि ग्लोबल बजट में 'पहले आओ पहले पाओ' का नियम लागू होता है। धरमपुरी और धार विकासखंड के कर्मचारियों ने सक्रियता दिखाते हुए बजट आते ही वेतन ले लिया। उन्होंने कहा- जल्द ही नया ग्लोबल बजट आने वाला है। सभी ब्लॉक के बीईओ कार्यालय के कर्मचारियों को इस पर लगातार नजर रखनी चाहिए।

## नरसिंह मंडल की महिलाओं का रंगारंग फाग उत्सव

गुड इवनिंग, बाग



बाग में श्री नरसिंह भक्त मंडल की महिलाओं ने रंगारंग फाग उत्सव का आयोजन किया। होली के रसिया ठाकुर जी को फाग उत्सव में महिलाओं ने फूलों से होली खेलाई और होली के गीतों पर गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। बालिकाओं को राधा कृष्ण के वेश में श्रृंगारित किया गया और देर रात तक भजनों और नृत्य का दौर चलता रहा। मंडल द्वारा प्रतिवर्ष फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है।श्रीराम मार्ग स्थित नरसिंह मंदिर पर मंडल की महिलाओं ने रंगारंग फाग उत्सव का आयोजन किया। भगवान के साथ फूलों से होली खेली और भजनों और फाग गीतों की प्रस्तुतियों के साथ जमकर नृत्य किया। महिलाओं ने गुलाल लगाकर परस्पर होली की बधाइयां दी। फाग उत्सव में सुनीता झंवर, आभा राठी, ललिता मानधन्या, अर्चना अगाल, अरुणा चंडक, मोनिका राठी, दुर्गा मानधन्या, हर्षना बाहेती सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

### आध्यात्मिक रंगों की होली का सिद्धवरकूट में आज से मंडल विधान की पूजा से होगा शुभारंभ

## मुनि पूज्य सागर का सिद्धवरकूट में मंगल प्रवेश



गुड इवनिंग, सनावद

दो चक्री दस कामकुमार मुनिराज सहित साढ़े तीन करोड़ मुनिराजों की पावन निर्वाण स्थली सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट में अन्तमुखी मुनि पूज्य सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश 12 मार्च की प्रातः बेला में हुआ। मुनिश्री के मंगल सान्निध्य में 13-14 मार्च को आध्यात्मिक रंगों का वार्षिक मेला महोत्सव का आयोजन होगा। मीडिया प्रभारी सुनील जैन व प्रचार संयोजक राजेन्द्र जैन महावीर ने बताया कि क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष अमित कुमार सिंह कासलीवाल, महामंत्री विजय काला, कैलाश जैन, बड़वाह, अरुण पहाड़िया, प्रमोद जैन, कमल जैन संगीतकार, अक्षय सराफ, संजय जैन, कविंद्र काला आदि ने मुनिश्री की आगवानी कर उनका पाद प्रक्षालन किया।



**सिद्धवरकूट क्षेत्र की दशा दिशा बदली-** सुनील जैन ने बताया कि आयोजित वार्षिक मेले में इंदौर सनावद बड़वाह खरगोन खंडवा सहित अन्य शहरों से श्रद्धालु पहुंचकर होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में पुण्य प्राप्त करेंगे, सिद्धवरकर तीर्थ में वर्षो बाद पधारे मुनिश्री पूज्य सागर जी महाराज ने कहा कि क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास कमेटी की सक्रियता का परिचायक है। क्षेत्र पर जो विकास हुआ है उससे क्षेत्र की दशा और दिशा दोनों बदल गए है, क्षेत्र का मुख्य द्वार पूर्वाभिमुख होने से वास्तु अनुरूप हो गया है। प्राचीनता को बरकरार रख कर किया गया विकास सराहनीय है। मुनिश्री ने सभी मंदिर के दर्शन कर मूलनायक श्री सम्भवनाथ भगवान मंदिर में अपने मुखारविंद से विश्व शांति हेतु शांतिधारा सम्पन्न कराई।

### युद्ध विराम पर अब रूस से होगी बात, ट्रंप ने दी चेतावनी

# पुतिन नहीं माने तो भुगतना होंगे गंभीर परिणाम

वॉशिंगटन, एजेंसी

यूक्रेन की ओर से युद्ध विराम समझौते पर सहमति जताए जाने के बाद अब अमेरिका ने रूस से बातचीत शुरू कर दी है। बताया जा रहा है इस मसले पर पुतिन से बात करने के लिए अमेरिकी अधिकारी रूस रवाना हो गए हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस को चेताया है। उन्होंने कहा कि अगर रूस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करता है तो उसे विनाशकारी परिणाम भुगतने होंगे।

दरअसल, सऊदी अरब के जेद्दा में अमेरिका और यूक्रेन के बीच हुई बैठक में कीव ने अमेरिका के तत्काल अंतरिम युद्धविराम के प्रस्ताव पर सहमति जता दी थी। यह युद्धविराम शुरूआत में 30 दिनों के लिए होगा। अब इस मुद्दे पर रूस की सहमति का इंतजार है। युद्ध विराम पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारी तुरंत रूस जा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ इस सप्ताह के अंत में मास्को जा रहे हैं।



युद्ध विराम समझौते को लेकर ट्रंप ने कहा कि इस समय लोग रूस जा रहे हैं। उम्मीद है कि हम रूस से युद्ध विराम पर सहमति प्राप्त कर लेंगे। अगर ऐसा हो जाता है, तो मुझे लगता है कि इस भयानक रक्तपात को समाप्त करने का 80 फीसदी रास्ता यही होगा।

ट्रंप ने कहा कि अब सब कुछ रूस पर निर्भर है। हालांकि मुझे रूस से सकारात्मक संदेश मिले हैं, लेकिन ऐसे संदेशों का कोई मतलब नहीं होता। यह बहुत गंभीर स्थिति है। इससे तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि यदि मास्को युद्ध विराम पर हस्ताक्षर नहीं करता है तो वह उस पर विनाशकारी प्रतिबंध लगा सकते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि मुझे आशा है कि इसकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ट्रंप ने कहा कि मैं वित्तीय रूप से ऐसी चीजें कर सकता हूं जो रूस के लिए बहुत बुरी होंगी। मैं ऐसा नहीं करना चाहता क्योंकि मैं शांति चाहता हूं।

**ट्रंप ने जेलेंस्की से बहस के बाद रोकी थी सहायता :** बता दें कि बीती 28 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच ओवल ऑफिस में तनावपूर्ण बैठक हुई थी। इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच युद्धविराम को लेकर बहस भी हुई थी, जिसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने यूक्रेन की सुरक्षा सहायता पर रोक लगा दी थी।

### ट्रंप की टैरिफ नीति पर गुटेरेस की चेतावनी

## सभी देश ट्रेड वॉर पर उतर जाएंगे तो खो देंगे अपना सब कुछ



वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति इन दिनों लगातार चर्चा में है। दूसरी ओर ट्रंप की इस नीति के जवाब में दूसरे देश भी ट्रेड वॉर (व्यापार युद्ध) को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की बड़ी चेतावनी सामने आई है। उन्होंने कहा कि अगर देशों के बीच ट्रेड वॉर युद्ध बढ़ते हैं, तो सभी देश अपना सब कुछ खो देंगे। गुटेरेस ने कहा कि हम एक वैश्विक अर्थव्यवस्था में रहते हैं, जहां सब कुछ आपस में जुड़ा हुआ है और मुक्त व्यापार से सभी देशों को फायदा होता है। उन्होंने कहा कि व्यापार युद्धों में उतरने से सभी देशों को नुकसान होगा।

बता दें कि गुटेरेस का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए टैरिफ नीति के संदर्भ में आया है। जहां ट्रंप प्रशासन ने स्टील और एल्युमीनियम पर वैश्विक टैरिफ लागू किए हैं, जिसके बाद यूरोपीय संघ (ईयू) और कनाडा ने अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाने की घोषणा की। इसके बाद, इन देशों ने भी अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका सैकड़ों अरब डॉलर का टैरिफ लगाएगा। साथ ही इस बात का भी दावा किया कि इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था को बहुत फायदा होगा, क्योंकि इससे नौकरियां बढ़ेंगी और फैक्ट्रियां खुलेंगी।

**ट्रंप की नीति भारत पर निशाना कैसे, समझिए :** देखा जाए तो डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर शुरूआत में अपने निशाने पर कनाडा, मेक्सिको और चीन को रखा था और इन देशों पर टैरिफ लगाने की बात कर रहें थे। हालांकि दूसरी ओर ट्रंप ने खास तौर पर भारत पर निशाना साधा और भारत द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च टैरिफ को बहुत अनुचित करार दिया। उन्होंने कहा कि अगले महीने से उन देशों पर पारस्परिक टैरिफ लागू किए जाएंगे, जो अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाते हैं।

साथ ही ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका को कई देशों ने दशकों तक धोखा दिया है और अब अमेरिका ऐसे देशों के खिलाफ टैरिफ लगाएगा। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ, चीन, भारत, मैक्सिको, कनाडा और अन्य देशों द्वारा वसूले जाने वाले टैरिफ अमेरिका से ज्यादा हैं, जो अनुचित है।

## मुंबई में ड्राइविंग लाइसेंस घोटाले में दो आरटीओ अधिकारी निलंबित

**मुंबई।** मुंबई के पश्चिम क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के दो अधिकारियों को फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस घोटाले के मामले में निलंबित कर दिया गया है। इस घोटाले में 2023-24 के दौरान अमान्य वाहनों पर संदिग्ध ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए गए थे। निलंबित अधिकारियों में सहायक आरटीओ रावसाहेब रागड़े और मोटर वाहन निरीक्षक उमेश देवरे शामिल हैं। इन दोनों को परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा की गई जांच के बाद निलंबित किया गया। 10 मार्च को जारी निलंबन आदेश के अनुसार, महाराष्ट्र महालेखाकार (ऑडिट) ने मुंबई पश्चिम आरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में अनियमितताओं को चिह्नित किया था। ऑडिट रिपोर्ट में फर्जी ड्राइविंग टेस्ट के आधार पर जारी लाइसेंसों के बारे में चिंता जताई गई, जिसके बाद आंतरिक जांच की गई। अंधेरी आरटीओ के नेतृत्व में हुई जांच में लाइसेंस जारी करने की प्रक्रियाओं में खामियों की पुष्टि हुई। निलंबन के दौरान, रागड़े को आरटीओ मुंबई (पूर्व) में तैनात किया जाएगा, जबकि देवरे आरटीओ मुंबई (मध्य) को रिपोर्ट करेंगे।

## ठाणे में पथराव की जांच में लापरवाही बरतने पर पुलिसकर्मी निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में आरएसएस के बच्चों के प्रशिक्षण शिविर पर पथराव की घटना की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में तिलकनगर पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ शिंदे को निलंबित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने पाया कि वह संदिग्धों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में विफल रहे और अपनी जांच में लापरवाही बरती। पुलिस के अनुसार, रविवार रात को ठाणे जिले के डोंबिवली के कचोरे गांव में बच्चों के लिए आयोजित आरएसएस के शिविर पर पथराव किया गया था। बुधवार को हिंदू संगठनों, आरएसएस स्वयंसेवकों और नागरिकों ने इस घटना की निंदा करने के लिए डोंबिवली के विभिन्न इलाकों में प्रदर्शन किया।

## लैंगिक भेदभाव को पाटने के अनुभव को साझा करने के लिए भारत तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में भारत के महिला सशक्तीकरण के साथ ही डिजिटलीकरण की सराहना हुई है। भारत ने एक बार फिर महिलाओं के नेतृत्व में देश के विकास के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महिलाओं की स्थिति पर हो रहे 69वें सत्र में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत लैंगिक डिजिटल बंटवारे को पाटने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के अपने अनुभव को दुनिया के साथ साझा करना चाहता है। भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं। जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है।

**संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बोलीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और यूएन वूमन द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए डिजिटल और वित्तीय समावेशन और महिला सशक्तीकरण के लिए वित्तपोषण - मुख्य संसाधनों की महत्वपूर्णता' पर आयोजित मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग ले रही हैं। महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग का 69वां सत्र 10 मार्च को शुरू हुआ और 21 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव को साझा करने में प्रसन्न है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में विकसित यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस ने नियमित लेन-देन की प्रणाली को बदल दिया है। पूर्ण डाटा सुरक्षा के क्षेत्र को पूरी तरह से डिजिटल बना दिया है, जिसमें 87.35 मिलियन लेन-देन हुए हैं। यह 147% बढ़ गए हैं। इसमें लिंग, शहरी, ग्रामीण, अमीर और गरीब की बाधाओं को पार कर लिया गया है और महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रही हैं। राष्ट्रों को सचेत रहना होगा कि महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन डाटा और गोपनीयता की रक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की तकनीकी दुनिया में प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए विनियमन को संतुलित करने की आवश्यकता है। भारत सरकार जानती है कि महिलाओं की गरिमा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने बताया कि कैसे आधार ने भारत की अनूठी आधारभूत पहचान प्रणाली और एकीकृत भुगतान इंटफेस ने सहज लेनदेन के माध्यम से 250 मिलियन से अधिक भारतीय महिलाओं को लाभान्वित किया है। भारत ने जी20 अध्यक्षता के दौरान इस महत्वपूर्ण एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए एक महिला सशक्तीकरण कार्य समूह की भी स्थापना की।

# बिजनेस

## एपल ने संवेदनशील जानकारी तक पहुंच से भारत में प्रतिद्वंद्वियों को रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

आईफोन निर्माता एपल ने भारत में अपने प्रतिद्वंद्वियों मैच और स्टार्टअप्स के एक समूह को अपनी व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने से रोक दिया है। पिछले वर्ष भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने जांच में पाया कि एपल ने अपने आईओएस ऑपरेटिंग सिस्टम पर एप स्टोर्स के बाजार में अपनी प्रमुख स्थिति का फायदा उठाकर एप डेवलपर्स, यूजर्स और अन्य भुगतान प्रोसेसरों को नुकसान पहुंचाया।



हालांकि, एपल ने किसी भी गलत काम से इन्कार किया है। उसका कहना है कि वह भारत में एक छोटी कंपनी है, जहां गूगल के ऑपरेटिंग सिस्टम वाले फोन का बोलबाला है। उधर, सीसीआई की जांच प्रक्रिया समाप्त हो गई है, लेकिन अभी निष्कर्षों की समीक्षा करनी है जिसके बाद अंतिम निर्णय आएगा। अगर यह साबित हो जाता है कि कंपनी गलत कार्य में शामिल है, तो एपल को जुमार्ना भरने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। स्टार्टअप समूह अलायंस ऑफ डिजिटल इंडिया फाउंडेशन (एडीआईएफ) ने सीसीआई से कुछ गोपनीय जानकारी तक पहुंच की मंजूरी देने की अपील की थी, जिसमें डेवलपर भुगतान और कुल बिलिंग का विवरण शामिल था।

## एसआईसी में तीन फीसदी तक हिस्सा बेच सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान दो से तीन फीसदी तक हिस्सा बेच सकती है। हालांकि, यह बाजार की स्थितियों पर निर्भर होगा। सेबी के नियमों के मुताबिक, सरकार को 2027 तक एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी कम से कम 10 फीसदी घटाना होगा। सूत्रों के मुताबिक, सरकार कई बार में यह हिस्सेदारी बेच सकती है।




इस समय सरकार का एलआईसी में 96.5 फीसदी हिस्सा है। मई, 2022 में आईपीओ में सरकार ने 3.5 फीसदी हिस्सा बेचकर 21,000 करोड़ रुपये जुटाया था। वर्तमान शेयर भाव 754 रुपये के आधार पर सरकार को 3 फीसदी हिस्सा बेचने से 14,500 करोड़ रुपये मिल सकता है। सेबी के नियमों के अनुसार पहले मई, 2024 तक ही 10 फीसदी हिस्सा बेचना था, पर बाद में इसे बढ़ाकर 16 मई, 2027 कर दिया गया।

# महाकुंभ के कारण मांसाहारी खाने की खपत घटी

### सब्जियों की महंगाई में तेज गिरावट, आरबीआई एक फीसदी घटा सकता है दर

नई दिल्ली, एजेंसी

**खुदरा महंगाई में तेज गिरावट के पीछे इस बार महाकुंभ का योगदान है। एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि महाकुंभ के दौरान लोगों ने मांसाहारी खाना से परहेज किया। इससे लहसुन और प्याज की खपत में भारी कमी आई। सब्जियों में इन दोनों का योगदान सबसे ज्यादा होता है। इसलिए इनकी खपत घटने से सब्जियों की महंगाई घटी है।**



एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई में भारी नरमी (मासिक आधार पर 1.85 फीसदी घटकर 3.84%) के कारण फरवरी में खुदरा महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.6% पर आ गई। यह गिरावट सब्जियों के दाम में कमी के कारण हुई, जो 20 महीनों के बाद नकारात्मक 1.07 फीसदी पर आ गई। इसमें 80 फीसदी गिरावट केवल तीन सब्जियों (लहसुन, आलू, टमाटर) के कारण हुई। दिलचस्प यह है कि सबसे अधिक गिरावट लहसुन में हुई है, जो संभवतः महाकुंभ के दौरान मांसाहारी वस्तुओं की कम खपत को दर्शाती है।

**फलों की महंगाई 10 साल के शीर्ष पर :** फलों की महंगाई 10 साल के शीर्ष 14.82 फीसदी पर पहुंच गई है। कारण यह है कि महाकुंभ में लोगों ने उपवास रखा और फलों का सेवन किया। मांसाहारी वस्तुओं (अंडा/मांस/मछली) की खपत में कमी भी इसी पवित्र मेले के कारण हुई है। खुदरा महंगाई जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान 3.9 फीसदी और 2024-25 में औसतन 4.7 फीसदी तक रह सकती है। वित्त वर्ष 2026 में यह 4 से 4.2 फीसदी के बीच रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल और जून के बीच दो बार रेपो दर घट सकती है। हालांकि, अगस्त में कटौती का चक्र रुकने के बाद अक्तूबर से फिर से शुरू हो सकता है। रुपये में लगातार गिरावट का असर आने वाले महीनों में दिख सकता है।

## कीमतों में तेजी के कारण चीनी मिलें निर्यात के लिए तैयार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय चीनी मिलें स्थानीय कीमतों में वृद्धि के कारण आगे के निर्यात सौदों पर हस्ताक्षर करने से बच रही हैं। अभी उनके पास छह लाख टन निर्यात करने के अनुबंध हैं। इसमें से 2.5 लाख टन भेज भी दिया है। भारत से चीनी निर्यात की धीमी गति से वैश्विक कीमतों को समर्थन मिलेगा, जो तीन वर्षों के न्यूनतम स्तर पर हैं। पिछले वर्ष घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए निर्यात रोकने के बाद भारत ने जनवरी में चालू सीजन के दौरान 10 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी, ताकि मिलों के पास जो ज्यादा भंडार हैं, उनको वो निर्यात कर सकें। हालांकि, घरेलू बाजार में चीनी के दाम बढ़ रहे हैं और कम उत्पादन और मांग के कारण दाम और बढ़ने की उम्मीद है। पिछले महीने कीमतों में तेजी के बाद इस महीने निर्यात धीमा हो गया है।

विपणन वर्ष 2024/25 में भारत का चीनी उत्पादन 2.9 करोड़ टन की वार्षिक खपत की तुलना में घटकर 2.58 करोड़ टन रहने का अनुमान है। भारत में गर्मियों में मार्च के मध्य से जून के मध्य तक, कोल्ड ड्रिंक्स और आइसक्रीम की खपत बढ़ने से चीनी की मांग बढ़ जाती है।



**2024 में बिके 6.73 लाख करोड़ के मकान :** लग्जरी घरों की मांग में तेजी से 2024 में देश के नौ प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री 12 फीसदी बढ़कर 6.73 लाख करोड़ पहुंच गई। प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में 1.53 लाख करोड़ के मकान बिके हैं। गुरुग्राम में बिक्री बढ़कर 1,06,739 करोड़ हो गई।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में 26 फीसदी घटा निवेश

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मासिक आधार पर 26.16 फीसदी घटकर फरवरी, 2025 में 10 महीने के निचले स्तर 29,303 करोड़ रुपये पर आ गया। यह अप्रैल, 2024 के बाद इस श्रेणी में सबसे कम निवेश है। घरेलू शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच स्मॉल और मिडकैप शेयरों में निवेश में उल्लेखनीय कमी से यह गिरावट आई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यह लगातार दूसरा महीना है, जब इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में गिरावट आई है। दिसंबर, 2024 में निवेशकों ने इक्विटी म्यूचुअल फंड में 41,156 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो जनवरी, 2025 में घटकर 39,688 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, फरवरी लगातार 48वां महीना है, जब निवेशकों ने इस श्रेणी में निवेश करना जारी रखा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों की प्रबंधन के तहत संपत्तियां (एयूएम) फरवरी अंत में 2.72 लाख करोड़ घटकर 64.53 लाख करोड़ रुपये रह गईं, जबकि जनवरी में यह 67.25 लाख करोड़ थीं। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मासिक आधार पर 1.51 फीसदी घटकर फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये रह गया।

# 17 गांवों की बिजली सप्लाई कर दी बंद, छाया अंधेरा

## सारंगपुर सब डिवीजन में बिल जमा न करने वालों के खिलाफ वसूली अभियान, 32 ट्रांसफार्मरों को बंद कर उतारा, सारंगपुर के तीनों डीसी में साढ़े 44 करोड बिल बकाया, 16.23 वसूली का लक्ष्य, अब तक 96 लाख रुपये की वसूली हुई

गुड इवनिंग, सारंगपुर

छूट देने और कई योजनाएं चलाने के बावजूद बिजली उपभोक्ताओं ने बकाया बिल जमा नहीं किए तो बिजली कंपनी को कडा कदम उठाना पडा। उपभोक्ताओं पर बिजली बकाया बढने से गांव की ही बिजली सप्लाई बंद कर दी और उपभोक्ताओं के घर कुर्की के आदेश भेजे गए है। दरअसल सारंगपुर सब डिवीजन के तीनो डीसी मऊ, सारंगपुर और पाडल्यामाता में साढ़े 44 करोड बकाया है और विद्युत अधिकारियों को 16.23 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सौंपा गया है, कंपनी ने अब तक कुल 96 लाख रुपये की वसूली कर ली है।

सारंगपुर सब डिवीजन के तहत तीन डीसी में हजारों उपभोक्ताओं है। सैकड़ो ऐसे है, जिन्होंने आज तक बिजली बिल जमा नहीं किया है। ऐसे उपभोक्ताओं के बिलों की संख्या करोडों में पहुंच गई है। कंपनी द्वारा विद्युत एक्ट के तहत वसूली के लिए कुर्की नोटिस जारी किए गए है। जहां नोटिस के बाद भी उपभोक्ता बिल जमा नहीं कर रहे है। ऐसे स्थानों की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है।

**गांवों में फैला अंधेरा :** चेतावनियों के बावजूद उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किए थे। ऐसे गांवों में करीब हजारों की संख्या में उपभोक्ता दर्ज है। इनमें से अधिकांश ने पुराना बिजली का बिल जमा नहीं किया है। इसके चलते सप्लाई बंद करा दी गई है। जिससे पूरे 17 गांव में अंधेरा फैल गया है। सबसे ज्यादा परेशानी बोर्ड परीक्षा के छात्र-छात्राओं को हो रही है। इसके साथ ही फसलों की अंतिम सिंचाई न होने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

**उपभोक्ताओं के खिलाफ भेजे नोटिस :** सहायक यंत्री अरविंद रानोलिया ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शानुसार डिवीजन के 17 गांवों में शतप्रतिशत बिल बकाया पडा है। उन गांवों की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। जबकि 32 ट्रांसफार्मर उतारे गए है। उपभोक्ताओं के खिलाफ कुर्की आदेश जारी किए गए है। अब इन गांवों की बिजली चालू बिल जमा होने के बाद की जाएगी।

**साढे 44 करोड रुपये बिजली बिल बकाया :** दरअसल सारंगपुर सब डिवीजन में साढ़े 44 करोड रुपये बकाया है। कंपनी ने तीनों डीसी से 16.23 करोड रुपये वसूली का लक्ष्य स्थानीय अधिकारियों को दिला है। इसके तहत डीसी वार अगर देखे तो सारंगपुर डीसी पर 10.76 करोड बकाया के विरुद्ध 6.38 करोड वसूली लक्ष्य है। जबकि मऊ में 19.69 करोड बकाया पर 4.95 करोड वसूली लक्ष्य तथा पाडल्यामाता डीसी में 14.04 करोड बकाया पर 4.90 करोड वसूली होना होना। इसके तहत चलते सारंगपुर डीसी में 6 ट्रांसफार्मर उताकर 5 गांवो की बिजली बंद की गई है और अब तक 34 लाख वसूली, मऊ डीसी में 5 ट्रांसफार्मर उतारे है और 5 गांवो की बिजली काटती है और 30 लाख की वसूली तथा पाडल्यामाता में सबसे ज्यादा 21 ट्रांसफार्मर उताकर 7 गांवो की बिजली काटी गई है और अब तक 32 लाख रुपये की वसूली हुई है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे राजस्व वसूली अभियान में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कडी कार्रवाई की गई।



रात्रि में भी विद्युतकर्मी कर रहे बकाया बिजली बिल की वसूली। बकाया होने पर ट्रांसफार्मर उतारते हुए।

### बोले जिम्मेदार

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और अनधिकृत और अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करने वालों के साथ ही बकाया बिजली बिलों का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जा रही है। कंपनी के निदेर्शानुसार सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अमानक स्तर के प्रतिबंधित तारों का उपयोग कर अनधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग करते पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने बकाया बिजली बिलों के साथ ही वर्तमान देयकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें तथा बिजली का अवैध और अनाधिकृत उपयोग न करें। हमनें अमले को निर्देश दिए है कि बिजली उपभोक्ताओं की संतुष्टि और लंबित बिजली बिलों की वसूली की कार्रवाई साथ-साथ करें। जिन क्षेत्रों में उपभोक्ता समय पर बिजली बिल जमा कर रहे हैं, वहाँ कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

**- अरविंद रानोलिया, सहायक यंत्री, मप्रमक्षेविविकं, सारंगपुर**

## किसानों को सात दिन में बनवाना होगा ऑनलाइन बिल

# गेहूं उपार्जन की नई तारीखें जारी, 15 मार्च से 5 मई तक होगी खरीद



गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर में शासन ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की नई नीति जारी की है। पहले उपार्जन 1 मार्च से 18 अप्रैल तक होना था। अब इसे संशोधित कर 15 मार्च से 5 मई तक कर दिया गया है। एसडीएम रोहित बम्होरे ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार, उपार्जन केंद्र सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। किसानों को शाम 6 बजे तक तौल पर्ची जारी की जाएगी। गेहूं की खरीद एफएक्यू मानकों के अनुसार की जाएगी। उन्होंने बताया कि सारंगपुर में 18 केंद्र बनाए जा सकते है।

**आधार, बैंक खाता और मोबाइल नंबर रखें अपडेट :** उपार्जन केंद्र पर गेहूं की खरीद किसान और केंद्र प्रभारी के आधार ई-केवाईसी सत्यापन के बाद ही की जाएगी। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपना आधार नंबर, बैंक खाता और मोबाइल नंबर अपडेट रखें।

**किसानों के लिए जरुरी निर्देश**

- स्लॉट बुकिंग के बाद 7 दिन के अंदर फसल बेचकर ऑनलाइन बिल बनवाना अनिवार्य है।
- केवल ऑनलाइन स्लॉट बुक करने वाले किसानों से ही फसल खरीदी जाएगी।
- प्रत्येक बोरे में 50 किलो गेहूं और 580 ग्राम नए जूट के बोरे का वजन मान्य होगा।
- भुगतान किसान के आधार से जुडे बैंक खाते में किया जाएगा।

## मगफिरत का अशरा शुरू हो गया है अल्लाह से माफी मांग लीजिए : मौलाना साजिद



गुड इवनिंग, सारंगपुर

बुधवार शाम को रमजान माह के 11 रोजे पुरे हो चुके है तथा अब पाक महीने का दूसरा हिस्सा चल रहा है। प्रतिदिन मस्जिदों में एवं घरों में मुस्लिम परिवारों का इबादतों का दौर चल रहा है। मुस्लिम समाजजन दिन में रोजा रखते है और रात्रि में घरो में तरावीह की विशेष नमाज अदा करते है।

सारंगपुर के पिंजारा बाखल स्थित मस्जिदे अक्सा के इमाम मौलाना साजिद साहब ने मुस्लिम समाजजनों को समझाइश देते हुए कहा कि अल्लाह का एहसान है कि उसने हमें रमजान का पाक महिना अता किया। लेकिन हमने उसकी नाकदरी की है। हमने रमजान में भी अल्लाह के हुक्मों को तोड़ा है। अब भी मौका है कि हम संभल जाए। रमजान का दूसरा यानि मगफिरत का अशरा शुरू हो चुका है इसमें रो-रोकर अल्लाह से अपनी गुनाहों की माफी मांगने का मौका है हम सब तोबा करें, अल्लाह को तोबा बहुत पंसद है, अल्लाह हमें माफ कर देगा।

**रमजान का दूसरा हिस्सा शुरू :** गौरतलब है रमजान के 30 दिनों में तीन हिस्सों में बांटा गया है जिसमें पहले 10 दिन रहमत के, दूसरे 10 दिन मगफिरत के तथा तीसरे 10 दिन जहन्नम की आग से खालासी( आग से बचाव)के है। इसमें मुस्लिम समाजजन इबादत को और अधिक बढ़ाकर अल्लाह के सामने अपने गुनाहों की माफी मांगते है और ज्यादा से ज्यादा नेक काम करने की कोशिश की जाती है।


# छाने लगी होली की रौनक : रंग-बिरंगी पिचकारी और मुखौटों से सज गया बाजार

## शहर में 85 जगहों पर होगा होलिका दहन व सुरक्षा में जवान रहेंगे तैनात

गुड इवनिंग, सारंगपुर

होलिका उत्सव को लेकर बाजार में रौनक छाने लगी है। भेरुदरवाजा मार्ग पर रंग-गुलाल-पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। शहर में होलिका पूजन और दहन के समय को लेकर पंचांग भेद के कारण असमंजस की स्थिति के बीच शहरवासियों ने 13 मार्च को रात 11 बजे बाद होलिका पूजन व दहन का निर्णय लिया है। धुलेंडी 14 मार्च को मनाई जाएगी और परंपरागत गेर निकलेगी। होलिका उत्सव को लेकर अन्य त्योहारी की तरह रौनक देखने को मिल रही है। शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में छोटी-बडी रंग-गुलाल व पिचकारियों की दुकानें सज रही हैं। सबसे ज्यादा भेरुदरवाजा मार्ग पर दुकानें लगी हैं। होली के दिन इनकी संख्या और बढ जाएगी। कारोबार से जुडे लोगों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र की ग्राहकी तो शुरू हो गई लेकिन शहरी क्षेत्र की ग्राहकी आज से शुरू होगी। थोक-खेरची व्यापार करने वाले अंकुर ने बताया कि इस बार अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। हर्बल रंग-गुलाल सहित पिचकारियों के भाव में 10 फीसदी की मामूली बढोतरी है।

समाजसेवी गोकुल दंडवानी ने बताया कि सामूहिक होलिका दहन के माध्यम से हमारा प्रयास रहता है कि शहरवासी एक जगह एकत्रित होकर रंगबिरंगे त्योहार को एक दिन पूर्व से उत्साह के साथ मनाएं। शहर में होली महोत्सव की शुरूआत सामूहिक होलिका दहन से होती है।



**हर्बल रंग की मांग ज्यादा :** व्यापारियों ने बताया कि लोग सालों से सूखे रंग-गुलाल ज्यादा खरीदते हैं। इसमें भी अब कुछ सालों से हर्बल रंग-गुलाल की मांग हर साल लगातार बढ रही है। इस बार भी ज्यादा मांग है। जो 80 से 250 रुपए किलो तक आ रहे हैं। बाजार में 1 किलो की जगह 80 ग्राम से लेकर 500 ग्राम तक के पैकेट ज्यादा बिकते हैं।

**में 85 जगहों पर होगा होलिका दहन :** हिंदू उत्सव समिति की तरफ से बताया 85 जगहों पर 13 मार्च की रात को होलिका दहन होगा। शाम 7 बजे से लेकर रात के 12 बजे तक अलग-अलग जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन वाली जगहों पर पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

**यह रहेगा होली उत्सव का छः दिवसीय कार्यक्रम :** हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष डा. राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि पंरपरानुसार होली का पर्व मनाया जाएगा। जिसके तहत छः दिवसीय कार्यक्रम होंगे। 13 मार्च को रात्रि 7 बजे होलीका पूजन, रात्रि 8 बजे सुंदरकाड पाठ बाल रुप हनुमान मंदिर पुराना बसस्टैंड पर होगा। 14 मार्च को प्रातः 5 बजे होलिका दहन, प्रातः 8 बजे शोकाकुल परिवारों के यहां रंग का कार्यक्रम, दोपहर 2:30 बजे चाचड का आयोजन होगा। 15 मार्च को रात्रि 8 बजे भजन संध्या बरसाने की होली, हास्य व्यंगो की बौछार के साथ फूलो की होली मुखर्जी चौक पर होगी। 16 मार्च को कबड्डी प्रतियोगिता रात्रि 8 बजे नवीन बस स्टैंड सारंगपुर तथा 17 मार्च रात्रि 8 बजे बस स्टैंड पर कवि सम्मेलन एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल का नागरिक अभिनंदन होगा।

## संपादकीय

# टैरिफ का टंटा...



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील और अल्युमिनियम पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया, जिससे अमेरिका के मित्र देशों कनाडा और यूरोप ने जवाबी कदम उठाने की चेतावनी दी है। इस फैसले से अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को कुछ फायदा हो सकता है, लेकिन अन्य सेक्टरों को नुकसान होगा। भारत इस निर्णय पर जल्दी नहीं करेगा।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक और धमाका करते हुए स्टील और अल्युमिनियम पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। यह टैरिफ उन सभी देशों पर लागू होगा, जो अमेरिका को स्टील और अल्युमिनियम निर्यात करते हैं। खास बात यह कि इस फैसले का सबसे ज्यादा नुकसान उन्हीं देशों को होने वाला है, जो अमेरिका के मित्र देशों की श्रेणी में आते हैं।

**मनमानी का संकेत :** ट्रंप बार-बार कहते रहे हैं कि वह अमेरिका को फिर से महान बनाना चाहते हैं और उनकी नजरें सिर्फ अमेरिका के राष्ट्रीय हितों पर हैं। लेकिन अगर इस एक कसौटी पर देखें तो भी उनके फैसले सवालों के घेरे में आते हैं। इसलिए भी क्योंकि सभी संबद्ध पक्षों से बातचीत और विचार-विमर्श के जरिए राह बनाने के बजाय वे इकतरफा फैसले की ऐसी शैली अपना रहे हैं, जिससे अमेरिकियों का ही नुकसान होगा।

**फैसलों से संदेश :** स्टील और अल्युमिनियम पर 25% टैरिफ के ताजा फैसले से सीधे तौर पर प्रभावित होने वाले कनाडा जैसे देशों ने तो जवाबी कार्रवाई की बात कही ही है, यूरोप ने भी तत्काल 28 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामानों पर टैरिफ का ऐलान कर दिया। संकेत हैं कि तत्काल लिए गए फैसलों के अलावा ये देश उन संभावित फैसलों पर विचार कर रहे हैं, जिनसे अमेरिका को उतना नुकसान हो कि वह बातचीत की मेज पर आए।

**फायदे से ज्यादा घाटा :** ताजा फैसले को लें तो अमेरिका में स्टील और अल्युमिनियम सेक्टर की घरेलू मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को कुछ फायदा हो सकता है, लेकिन स्टील और अल्युनिनियम महंगा होने से कार, टिन कैन, सोलर पैनल बनाने वालों को इसका नुकसान भी झेलना पड़ेगा। पिछले कार्यकाल के दौरान 2018 में लिए गए ट्रंप के ऐसे ही फैसले की बदौलत वहां 2021 तक स्टील उत्पादन 2% बढ़ा, लेकिन इसी अवधि में अन्य सेक्टरों में उत्पादन में 3.48 बिलियन डॉलर मूल्य के बराबर कमी दर्ज की गई।

**भारत को जल्दी नहीं :** वहीं, भारत ट्रंप के टैरिफ को लेकर किसी निर्णय की जल्दबाजी में नहीं है। दोनों देशों के बीच यूं भी व्यापार समझौते की बातचीत चल रही है, जिसे पूरा होने में समय लग सकता है। वहीं, ट्रंप के टैरिफ संबंधी फैसलों से अमेरिका के मंदी में जाने की आशंका पैदा हो रही है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है, इसलिए ऐसा होने पर ग्लोबल इकॉनमिक ग्रोथ सुस्त पड़ सकती है।

## तेजी से बढ़ रहा तापमान, गर्मी से दाना रह सकता है पतला

# पकने से पहले ही सूखने लगी गेहूं की फसल

गुड इवनिंग, सारंगपुर

तेजी से बढ़ रहे तापमान ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि यदि तापमान में इसी तरह बढ़ोतरी होती है तो किसानों को गेहूं की फसल में 20-25 फीसदी नुकसान हो सकता है। न्यूनतम तापमान 3 दिन में 6 डिग्री बढ गया है। अधिकतम तापमान भी बढ़ रहा है।

मौसम परिवर्तन के साथ तापमान में तेजी से हो रही वृद्धि गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। परिपक्व होने से पहले ही खेतों में फसलें सूखने लगी है। अधिकांश स्थानों पर इन दिनों गेहूं की फसल समय से 20 दिन पहले पककर कटने लगी है। जो उपज निकल रही उसका का दाना पतला निकल रहा है। किसान उत्पादन में 20 से 25 प्रतिशत नुकसान का अनुमान बता रहे हैं। मौसम में तेजी के साथ बदलाव हो रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री और अधिकतम तापमान 38 डिग्री तापमान बढ़ने से पकने के पहले ही गेहूं की फसल सूखने लगी है।



आंकडों पर नजर डालें तो 3 दिन में न्यूनतम तापमान में 6 दिनों बढोतरी दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान भी उतार-चढाव के साथ 38 डिग्री तक जा पहुंचा है। किसान संतोष धनगर, मुकेश गोस्वाती ने बताया अभी फसलों को कम से कम 10 दिनों तक फसल नहीं कटना चाहिए थी, लेकिन लगातार बढे तापमान से पहले ही फसल सूख चुकी है। ऐसे में जो फसल निकल रही है। उसका दाना काफी पतला निकल रहा है। इससे गेहूं की उपज बेचने जाएंगे तो वजन कम भरेगा। साथ ही गुणवत्ता भी देखी जाएगी। इस कारण किसानों को नुकसान होगा।

कृषि अधिकारी एसके उपाध्याय ने बताया कि इस बार रबी सीजन में गेहूं की बोवनी में देरी हो गई थी। देरी से बोई गई फसलों में तापमान में तेजी से वृद्धि होने के कारण अधिक नुकसान का अनुमान है। गेहूं की जो बालियां दूध भरने की अवस्था में हैं। यह भी सूखने लगी है। इसलिए गेहूं का दाना पतला पड़ने का डर है। उत्पादन प्रभावित हो सकता है। बढते तापमान के कारण गेहूं की फसल पर असर हो रहा है। अभी गेहूं पका नहीं है। यदि गेहूं पक जाता तो तेज धूप से कोई नुकसान होने की आशंका नहीं थी, लेकिन अभी गेहूं के पकने में समय है। गेहूं की फसल सीजनल फसल है और तापमान अधिक होने के कारण इसमें बढ़वार रुक जाती है। श्री उपाध्याय ने बताया अधिक तापमान के कारण गेहूं के पौधों की वृद्धि रुक जाती है और फसल समय सें पहले ही पकने लगती है। ऐसे में पकी फसल की बालियां छोटी व कमजोर हो जाती है। जिससे फसल में गुणवत्ता व वजन और आकार में भी असर पडता है। अधिक तापमान के कारण पौधे का पूरा पकाव नहीं हो पाता। बालियां निकल आती है।




# त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में निकाला फ्लैग मार्च

## पुलिस बलवा ड्रिल से सुसज्जित होकर पहुंची आम लोगों के बीच

गुड इवनिंग, इंदौर

आगामी त्योहारों के दौरान शहर में कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तथा शहर में शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे और लोग पूरे हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाए इसी को मद्देनजर रखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त इंदौर, अमित सिंह द्वारा इंदौर पुलिस को पूर्ण मुस्तैदी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्यवाही के लिए आवश्यक निर्देश दिये गए हैं।

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में होली, रंगपंचमी, रमजान आदि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, आमजन में सुरक्षा की भावना व पूरे हर्षोल्लास से त्योहार मनाएं इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आज नगरीय पुलिस के चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में, क्षेत्र के एडीसीपी, एसीपी व थाना प्रभारियों द्वारा थानों व रिजर्व बल एवं अनुभाग के पुलिस फोर्स के साथ थाना अंतर्गत संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च एरिया डोमिनेशन मार्च निकाला जा रहा है, जिसके तहत डीसीपी जोन-01 विनोद कुमार मीना द्वारा एसीपी आजाद नगर श्री करणदीप सिंह व थाना प्रभारी व बल को साथ लेकर आजाद नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में किया गया।

एडीसीपी जोन-02 अमरेंद्र सिंह व एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई द्वारा अनुभाग के थाना प्रभारी व बल के साथ खजराना के संवेदनशील क्षेत्रों में एसीपी जूनी इंदौर देवेंद्र धुर्वे द्वारा अनुभाग के थाना प्रभारी व बल के साथ रावजी बाजार व जूनी इंदौर के संवेदनशील क्षेत्रों में, एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह द्वारा अनुभाग के थाना प्रभारी व बल के साथ संयोगितागंज व पलासिया के संवेदनशील क्षेत्रों में, एसीपी गांधी नगर रुबिना मिजवानी द्वारा अनुभाग के थाना प्रभारी व बल के साथ राऊ व राजेन्द्र नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में, एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी मिजवानी द्वारा अनुभाग के थाना प्रभारी व बल के साथ चंदन नगर व द्वारिकापुरी के संवेदनशील क्षेत्रों में, एसीपी सेंट्रल कोतवाली विनोद दीक्षित द्वारा अनुभाग के थाना प्रभारी व बल के साथ सेंट्रल कोतवाली के संवेदनशील क्षेत्रों में, इसी प्रकार थाना लसूड़िया, तुकोगंज, हीरा नगर कनाड़िया, तिलक नगर आदि सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा संवेदनशील एरिया में फ्लैग मार्च किया गया। इंदौर पुलिस द्वारा त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए फ्लैग मार्च के माध्यम से शांति से त्योहार मनाने के संदेश के साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार से सामाजिक सौहार्द खराब ना करने की दी जा रही हैं अवैधानिक गतिविधियों व असामाजिक तत्वों पर रखी जा रही हैं कड़ी नजर ।



# एचपीसीएल के प्लांट को उड़ाने की धमकी

गुड इवनिंग, इंदौर

मांगलिया डिपो के एचपीसीएल के प्लांट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल मिलने के बाद प्रशासन अलर्ट पर आया है। यहां बम निरोधक दस्तो और एसडीएम मौके पर पहुंचे है। पूरे इलाके में सर्चिंग की जा रही है।

**अफजल गुरू को याद कर कहा- उनकी शहादत के दिन बदला लेंगे**

मांगलिया इलाके में स्थित एचपीसीएल प्लांट को बुधवार को एक मेल पहुंचा। जिसमें लिखा है कि एक महत्वपूर्ण घटना का गवाह बनें एक गंभीर पाइप ब्लास्ट घटना। यह कार्य अफजल गुरु की अन्यायपूर्ण फांसी की याद में किया जाना है, इतिहास का एक ऐसा क्षण जो कई लोगों के दिलों पर भारी पड़ता है। हम अपने सर्वशक्तिमान के नाम पर एक बचाव अभियान चलाने का साहस करते हैं। सप्ताहांत में, इस दिन की तैयारी के लिए एक्सप. फॉर्मेड पेनेट्रेटर को पूरे प्लांट में रणनीतिक रूप से रखा गया है। फ्यूज़िंग सिस्टम, यांत्रिक विभाग के भीतर सावधानीपूर्वक विकसित किए गए हैं। साथ ही अन्य स्वदेशी सामग्रियों को पवित्र ऑपरेशन के लिए प्राप्त किया गया है। हमारा अंतिम लक्ष्य स्वर्ग को देखना है, और हम फिर से उठेंगे।

# स्टूडेंट्स ने सायबर पाठशाला में सीखे फ्रॉड से बचने के तरीके

## विभिन्न सायबर फ्रॉड व इनसे बचने की बारीकियां

गुड इवनिंग, इंदौर

वर्तमान में बढ़ते सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए, इसके प्रति लोगों में जनजागरुकता लाने हेतु, पुलिस कमिश्नर इंदौर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सायबर जागरूकता हेतु लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर राजेश दंडोतिया ने टीम के साथ आकाश इंस्ट्यिूट में पहुंचकर, सायबर अवेयरनेस की 499वीं कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 200 स्टूडेंट्स को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी। सायबर अपराध होने पर सायबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल ६६६ इंदौर पुलिस की सायबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और सायबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, व्यवहारिक ज्ञान दिया।

उन्होंने सभी से कहा कि हम लोग आजकल ज्यादा से ज्यादा काम डिजिटल रूप में ऑनलाइन कर रहे हैं, जिसमें जरा सी गलती होने पर सायबर फ्रॉड होने की संभावना रहती है। अतः सायबर अपराधों से बचना है तो, जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ ऑनलाइन, फाइनेंशियल कार्य, पढ़ाई करें, लुभावने ऑफर वाले ट्रेडिंग व ऑनलाइन गेम से भी बचकर रहें तथा सोशल मीडिया पर भी ध्यान रखें और अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें । इस दौरान पुलिस टीम ने वहां सभी को सायबर अवेयरनेस के पम्पलेट्स व स्टिकर्स भी दिए और सभी को साइबर जागारुकता लाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। साइबर अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल, कॉलेज, संस्थान, कार्यशाला आयोजित करना चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7587629846 पर संपर्क कर सकता है।

# आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 2 आदतन बदमाशों को किया जिलाबदर

गुड इवनिंग, इंदौर

नगरीय क्षेत्र मे अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण तथा आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा सक्रिय गुंडे बदमाशों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त द्वारा जोन-04 के पुलिस अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए 02 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर किया गया है।

बदमाश आदतन आपराधिक प्रवृत्ति के होकर इनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। आरोपी प्रिंस राठौर के विरुद्ध अवैध वसूली, मारपीट करना, अश्लील गाली गलौज करना, जान से मारने की धमकी देना, अपहरण, दुष्कर्म, हत्या का प्रयास, आगजनी विभिन्न धाराओं के गंभीर अपराध दर्ज है। वहीं आरोपी शैलेंद्र उर्फ बाबा के विरुद्ध अवैध वसूली, मारपीट, लूट, चोरी करना, आदि विभिन्न धाराओं के गंभीर अपराध पंजीबद्ध है। बदमाशों द्वारा लगातार अपराध कारित कर आम लोगों की शांति भंग कर क्षेत्र की लोक व्यवस्था भंग की जा रही थी। उक्त बदमाशों की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु बदमाशों के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत कार्यवाही हेतु इनके प्रकरणों के प्रतिवेदन को पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों पर शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ शिवभान सिंह द्वारा की गई। दोनों आरोपियों पर जिला बदर की कार्यवाही की गई।

# यातायात जागरुकता के लिए चित्रकला व रैली का आयोजन

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन अरविंद तिवारी के दिशा-निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस की एजुकेशन विंग द्वारा निरंतर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में इंदौर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट के स्टूडेंट के लिए यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अरविंद तिवारी द्वारा स्टूडेंट को सड़क सुरक्षा नियमों का महत्व व गंभीरता से रूबरू करवाया। उन्होंने कॉलेज द्वारा यातायात जागरुकता की मुहिम का हिस्सा बनने पर सराहना की। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संजय शर्मा द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा प्रतिवर्ष यातायात पुलिस के साथ इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है ताकि शहर के यातायात को सुगम, सुरक्षित बनाने में हम भी अपनी ओर से योगदान दे सकें। बच्चों द्वारा काफी रोचक चित्र बनाए गए हैं जिन्हें लोगों को जागरूक करने में उपयोग करेंगे।

यातायात प्रबंधन पुलिस की एजुकेशन विंग के आरक्षक सुमन्त सिंह कछावा द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी व यातायात संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। स्टूडेंट्स व स्टाफ द्वारा जीपीओ, व्हाइट चर्च, गीता भवन, पलासिया, एलआईजी, घंटाघर, रीगल सर्किल पर यातायात का संचालन के साथ-साथ वाहन चालकों को जागरूक करते हुए रेड लाइट का पालन करने, हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने, लेफ्ट टर्न का पालन करने, वाहन चलाते मोबाइल फोन का उपयोग नही करने, शराब पीकर वाहन नही चलाने, तेज गति से वाहन नही चलाने आदि का अनुरोध किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान सभी स्टूडेंट काफी उत्साहित दिखे उन्होंने कहा कि इस जागरुकता अभियान का हिस्सा बनकर हमें अच्छा लगा।

# महिला पुलिसकर्मियों की हड्डी रोगों से संबंधित समस्याओं का किया निदान

इंदौर। पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों को शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाने एवं उनके स्वास्थ्य व फिटनेस के साथ ही उनके परिजनों के स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखते हुए, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर ंतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा निरंतर रूप से समय-समय पर विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में नगरीय इंदौर की महिला पुलिस कर्मियों व पुलिस परिवार की महिलाओं को हड्डियों व जोड़ों से संबंधित विभिन्न प्रकार के रोगों के संबंध में डीआरपी लाइन में बोन एंड जॉइंट हेल्थ फ्री चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर टीम द्वारा नगरीय इंदौर में पदस्थ महिला पुलिसकर्मियों व पुलिस परिवार की महिलाओं की हड्डियों व जॉइंट की सेहत जांच की गई तथा सभी को बढती उम्र के साथ होने वाले हड्डी रोगों के संबंध में जागरूक करते हुए, कैसे इनसे बचा जाए आदि की जानकारी दी और सभी को उचित परामर्श भी दिया गया। साथ ही महिला पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए हेल्थी लाइफ स्टाइल अपनाने के लिए कुछ जरूरी टिप्स भी दिए।

**हड्डी व जोड़ों के फ्री चेकअप कैम्प का आयोजन**

# ड्रामेबाज खुद रील बन गया, कान पकड़े, माफी भी मांगी

गुड इवनिंग, खंडवा

रील और लाइक जैसे शब्दों ने टीन-एजर्स ही नहीं, मोबाइल वाले युवक-युवतियों ने पूरा कल्चर ही बदल दिया है। शूट के चक्कर में कई तो जान तक गवां चुके हैं। बेल आईकान, कमेंट जैसे शब्दों से लोग पैसे भी कमा रहे हैं। वाट्सअप,गूगल इन्हें प्रश्रय दे रहे हैं। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देशों के युवा व बच्चों को तो एडिक्ट बना दिया है। वे हिंसक हो रहे हैं।

सोशल मीडिया का पाजिटिव व अच्छा इस्तेमाल कम ही किया जा रहा है। जिले में इसका सदुपयोग करने वाले भी काफी अधिक हैं। मोबाइल आने से सुविधाएं भी मिली हैं। पढ़ाई में भी मोबाइल सहायक सिद्ध हो रहे हैं,लेकिन इसकी गिरफ्त में आकर लोग समय ज्यादा बर्बाद कर रहे हैं।

खंडवा के बस स्टैंड पर ऐसे ही नजारेबाज को पुलिस ने सबक सिखाया। दरअसल, एक युवा बस स्टैंड के सार्वजनिक प्लेटफार्म जैसे स्थान पर कुछ दिन से रोज सुबह 4 बजे लंबी देर तक थाली बजा रहा था। आसपास सोने वाले लोग परेशान थे। गरीब बच्चे भी उठ बैठते



थे। बस, इसी क्लीपिंग को वह शूट करके फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अपलोड कर देता था। उसकी इस हरकत को बस स्टैंड के पीछे कोतवाली में कुछ लोगों ने दर्ज करा दिया।

**कान पकड़वाकर घुमाया**-पुलिस भी उसकी तलाश में थी। मामला बड़ा तो नहीं था, लेकिन था आपत्तिजनक। वह बस स्टैंड पर लोगों को दिखा, तो तुरंत पुलिस बुला ली गई। उसे पकड़कर पुलिस ले गई। बताते हैं कि कोई विशेष प्रकरण नहीं बना, लेकिन युवक को सबक सिखाना भी जरूरी था। कोतवाली के जवानों ने उसे पकड़ा और बस स्टैंड के लोगों के बीच घुमाया। युवक से कान पकड़वाए और माफी भी मंगवाई गई। युवक ने कहा कि ऐसा करने से कई लोगों को तकलीफ होती थी। अब ऐसा नहीं करूंगा।

# 10 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में तीन पर प्रकरण दर्ज

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने नर्मदा एक्सटुशंस लिमिटेड के तीन कर्ताधर्ताओं पर 10 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक कच्चा माल बुलाने के बाद पेमेंट नहीं करने पर रिलायंस इंड्रस्ट्रीज के डेल क्रेडर एजेंट ने शिकायत दर्ज की थी। फिलहाल मामले में जांच कर रही है। क्राइम ब्रांच ने जेबीबी मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ऋषभ सचदेवा निवासी मीराकुंज जाय पलासिया की शिकायत पर प्रवीण मितल, प्रणव मितल और वरुण मितल निवासी खजराना कोठी के खिलाफ 10 करोड़ 94 लाख से अधिक की राशि की धोखाधड़ी किए जाने के मामले में केस दर्ज किया है। जेबीबी मार्केटिंग के डायरेक्टर ऋषभ सचदेवा ने बताया कि रिलायंस पेट्रो केमिकल्स डिवीजन के डेल क्रेडर के लिए मैं एजेंट का काम करता हूं। जिसके तहत पोलीक्रोन और पोलीयान की आपूर्ति अपने ग्राहकों को करता हूं। मैंने मितल बंधुओं को करोड़ों का माल 2021 से सप्लाई किया है। उन्होंने माल रिलायंस इंड्रस्ट्रीज से बुलवाया था। जिसका पेमेंट उन्होंने कंपनी को कर दिया। लेकिन, उन्होंने मेरा पेमेंट नहीं किया। जिसका ब्याज मुझे भरना पड़ रहा है। इस मामले में जांच में सामने आया कि मितल बंधुओं ने कंपनी के शर्तों का उल्लंघन करते हुए धोखाधड़ी होना पाया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोन: 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।